राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 78, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 04 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक-सवार को रौंदा : एक युवक की मौत, पत्नी व बेटा .... पेज 03

जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं लोगों की समस्याएं .... पेज 05

होण्डा रेसिंग इंडिया : कवीन क्विंटल को चौथे राउंड में मिली दोहरी जीत .... पेज 07

## दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी-हरियाणा, जयपुर, में भूकंप के झटके

### तीव्रता 4.6; नेपाल केंद्र था, वहां एक घंटे में चार बार भूकंप आया, कच्चे मकान गिरे

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था।

नेपाल में एक घंटे में चार भूकंप आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने कहा कि 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2: 25 बजे पश्चिम नेपाल में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, इसके बाद 2: 51 बजे 6.2 तीव्रता का झटका आया। दो और भूकंप 3.6 और 3.1 तीव्रता के 3: 06 बजे और 3:19 बजे आए। भूकंप से नेपाल के बझांग में कई कच्चे मकान गिर गए।



नई दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग अपने दफ्तरों के बाहर जमा हो गए।

यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी झटके आए।

राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन-चार झटके महसूस किए गए।

#### हरियाणा में एक दिन में दूसरी बार आया भूकंप

हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया। पानीपत, रोहतक, जींद, रेवाड़ी और चंडीगढ़ में दोपहर 2ः50 बजे झटके महसूस किए गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले आज सुबह सोनीपत में 2.7 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया था।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक मंगलवार सुबह 11.06 सेकेंड पर भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सोनीपत बताया जा रहा है। धरती के 8 किलोमीटर नीचे हलचल दर्ज की गई।

**देवरिया हत्याकांड**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में देवरिया हादसे में घायल बच्चे से मुलाकात की।

## जेल में अमृतपाल की भूख हड़ताल

### जेल में 9 साथियों और बाहर पत्नी ने भी खाना छोड़ा

अमृतसर। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके 9 साथियों ने असम की डिब्रूगढ़ जेल में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। वहीं अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर भी पति के समर्थन में जेल के पास भूख हड़ताल पर बैठ गई हैं। उसका कहना है कि उसे उसके चुने हुए वकील से मिलने नहीं दिया जा रहा है।

अमृतपाल को नेशनल सिक्योरिटी एक्ट में पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद असम जेल भेज दिया गया। किरणदीप कौर ने बताया कि



अमृतपाल और उनके साथियों को उनके वकील राजदेव सिंह से नहीं मिलने दिया जा रहा है, जबकि उन्हें इसका पूरा हक है। 5 दिन से इस मामले का कोई हल नहीं निकला है।

## देवरिया के फतेहपुर में हुए हत्या के मामले में दोनों तरफ से मामले दर्ज, 16 गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र के गाँव फतेहपुर के टोला लेहड़ा में सोमवार को हुए जमीनी रंजिश में छह लोगों के हत्या के मामले में पुलिस दोनों तरफ से मामला दर्ज कर 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रूद्रपुर कोतवाली प्रभारी नवीन सिंह ने मंगलवार को यहाँ बताया कि मृतक सत्य प्रकाश दुबे तथा उनके परिजनों के हत्या के आरोप में रूद्रपुर कोतवाली में सोमवार देर रात सत्य प्रकाश दुबे की बेटी की तहरीर पर 27 नामजद तथा 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा, जान से मारने आदि के प्रयास का मामला दर्ज कर 16 लोगों को गिरफ्तार विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक प्रेम यादव के परिजनों की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या आदि का क्रास केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि जमीनी विवाद में रूद्रपुर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के लेहड़ा टोला में छह लोगों की हत्या कर दी गई थी। जिसमें सत्य प्रकाश दुबे उनकी पत्नी, दो बेटी और उनके एक बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी।

## न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर पुरकायस्थ समेत 2 पत्रकार अरेस्ट

### गैरकानूनी गतिविधि और चीनी फंडिंग के केस में छापा पड़ा, 30 लोकेशंस पर कार्रवाई



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार 3 अक्टूबर की रात न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और एक अन्य पत्रकार अमित चक्रवर्ती को अरेस्ट कर लिया। इन पर फॉरेन फंडिंग लेने का आरोप है। सुबह 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापे मारे गए थे। 37 लोगों से पूछताछ की गई, जिनमें 9 महिलाएं शामिल हैं।

इससे पहले न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकार अभिसार शर्मा, उर्मिलेश और परंजॉय गुहा ठाकुरता को पुलिस ले गई थी। मुंबई में एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ के घर भी मुंबई पुलिस की एक टीम पहुंची थी।

दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत की है। 5 अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि न्यूजक्लिक को एक अमेरिकी अरबपति नोवेल रॉय सिंघम ने फाइनेंस किया था। वे चीनी प्रोपेगैंडा को बढ़ावा देने के लिए भारत समेत दुनियाभर में संस्थाओं को फंडिंग करते हैं।

इस रिपोर्ट के आधार पर 17 अगस्त को न्यूजक्लिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए) (धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के साथ-साथ यूएपीए की कई धाराएं (13, 16, 17, 18 और 22) भी लगाई गई हैं।

धारा 16- आतंकी मामलों से जुड़ी, धारा 17- आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग जुटाना, धारा 18- षड्यंत्र की सजा, धारा 22 सी- कंपनियों द्वारा किए गए अपराध की सजा है।

#### हाईकोर्ट ने पुरकायस्थ की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी

इससे पहले, 22 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूजक्लिक के एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस दिया था। यह नोटिस दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग की याचिका पर दिया गया था। पुलिस ने याचिका में कोर्ट के अंतरिम आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें न्यूज साइट के खिलाफ सख्त एक्शन लेने पर रोक लगाई गई थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 जुलाई 2021 को प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार न करने का आदेश दिया था। हालांकि कोर्ट ने कहा था कि पुरकायस्थ को अधिकारियों के निर्देशों के मुताबिक जांच में सहयोग करना होगा। दिल्ली पुलिस की याचिका के बाद कोर्ट ने पुरकायस्थ से इस मामले में जवाब तलब किया था।

#### तीस्ता के घर मुंबई पुलिस पहुंची

सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ के मुंबई स्थित घर पर भी पुलिस पहुंची। तीस्ता न्यूजक्लिक वेबसाइट के लिए आर्टिकल लिखती रही हैं। हालांकि, पुलिस ने अब तक इस केस से तीस्ता के कनेक्शन के बारे में कुछ नहीं कहा है। तीस्ता को गुजरात दंगों से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने 19 जुलाई को जमानत दी थी। उन्हें पिछले साल 25 जून को गिरफ्तार किया गया था।

## मनरेगा बकाया राशि : तृणमूल कांग्रेस ने जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए बकाया धनराशि की मांग को लेकर मंगलवार को यहां जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी की अगुवाई में पार्टी के सांसदों, विधायकों व मंत्रियों ने बंगाल से आये कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में मनरेगा जाब कार्ड धारकों के साथ दोपहर एक बजे से जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया। इस दौरान हाथों में



तख्तियां और बैनर पोस्टर लेकर तृणमूल नेता व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, प्रोफ़ेसर सौगत राय समेत कई नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शाम को केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मुलाक़ात करने के लिए कृषि भवन पहुँचे। इससे पहले दिल्ली में प्रस्तावित दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन के पहले दिन अभिषेक की अगुवाई में तृणमूल सांसदों, मंत्रियों व कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती पर राजघाट पर दो घंटे तक धरना दिया था। इस दौरान तृणमूल नेताओं की पुलिस के साथ धक्का- मुक्की भी हुई थी, क्योंकि राजघाट पर धरना की इजाजत नहीं है। बाद में सभी तृणमूल नेताओं को पुलिस ने वहां से हटा दिया था।

## मुद्दों से ध्यान हटाने को पत्रकारों पर बनाया जा रहा है निशाना : 'इंडिया'

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपनी विफलताओं तथा असली मुद्दों से ध्यान हटाना चाहती है इसलिए सरकार को लेकर सच बोलने वाले पत्रकारों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

'इंडिया' ने कुछ पत्रकारों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद आज यहां जारी एक बयान में कहा, 'इंडिया' मीडिया पर भाजपा सरकार के ताजा हमले की कड़ी निंदा करता हैं। हम सभी दल दृढ़ता से मीडिया के साथ संविधान के अनुसार बोलने की आजादी तथा अभिव्यक्ति का समर्थन करते हैं और सच बोलने मीडिया संस्थानों तथा पत्रकारों के साथ खड़े हैं।

विपक्षी दलों के गठबंधन ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा पिछले नौ वर्षों में, भाजपा सरकार ने जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के जरिए ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी), न्यूज़लॉन्ड्री, दैनिक भास्कर, भारत समाचार, द कश्मीर वाला, द वायर आदि की आवाज दबाने का काम किया और फिर हाल ही में इन्हीं जांच एजेंसियों के माध्यम से न्यूजक्लिक के पत्रकारों पर दमन किया है। इस क्रम में भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों द्वारा मीडिया संगठनों पर कब्ज़ा करके मीडिया को अपने पक्ष में करने के लिए मीडिया को पक्षपातपूर्ण और वैचारिक हितों के लिए अपने मुखपत्र में बदलने की भी कोशिश की है।

सरकार और उसकी विचारधारा से जुड़े संगठनों के बारे में सच बोलने वाले स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ भी बदले की भावना से काम किया जा रहा है।

### आदिवासी समूहों द्वारा लगाए गए आरोप पर एनआईए और सीबीआई का बयान

## सबूतों के आधार पर हो रही मणिपुर में गिरफ्तारियां

इंफाल। एनआईए और सीबीआई ने कहा कि मणिपुर में प्रत्येक गिरफ्तारी जांच टीम द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों पर आधारित है। दोनों केंद्रीय एजेंसियों का यह बयान ऐसे समय आया है जब आदिवासी समूह मणिपुर में एनआईए और सीबीआई पर मनमानी और ज्यादती करने का आरोप लगा रहे हैं।

केंद्रीय एजेंसियों ने कहा कि जातीय हिंसा के माहौल में यहां काम कर रहे एनआईए और सीबीआई अधिकारियों को 2015 में सेना के जवानों पर हुए हमलों सहित विभिन्न मामलों में जांच पूरी करने का कठिन काम करना पड़ रहा है।

जांच एजेंसियों ने कहा कि यहां काम कर रहे एनआईए और सीबीआई अधिकारियों को 2015 में सेना के जवानों पर हुए हमलों सहित विभिन्न मामलों में जांच पूरी करने के कठिन काम का सामना करना पड़ रहा है।

अधिकारियों ने हाल में एक आदिवासी सेमिनलुन गंगटे की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा कि वह 21 जून को बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके में हुए एसयूवी विस्फोट मामले के मुख्य आरोपितों में से एक है। इस विस्फोट में तीन लोग घायल हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक अदालत से उसकी ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद उसे नई दिल्ली लाया गया। दिल्ली में आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे एनआईए हिरासत में भेज दिया। कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और आतंक रोधी एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य सक्षम अदालत के समक्ष रखे जाएंगे।

#### जांच भटकाने के लिए लगाए जा रहे आरोप

उन्होंने कहा कि जांच को पटरी से उतारने और आम जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए ही आधारहीन आरोप लगाए जा रहे हैं। एनआईए ने 22 सितंबर को मोइरांगथेम आनंद सिंह को एक अलग मामले में इंफाल से गिरफ्तार किया था। सिंह को चार अन्य लोगों के साथ मणिपुर पुलिस ने पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पांचों को जमानत मिल गई थी, लेकिन आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण सिंह को एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया था।

इसी तरह रविवार को सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारियां भी लापता मणिपुरी विद्यार्थियों के मामले की जांच में एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर की गई हैं। इस मामले के चारों आरोपितों को सोमवार को गुवाहाटी की विशेष अदालत ने पांच दिनों की सीबीआइ हिरासत में भेज दिया।

**लापरवाही**

### 24 घंटे में 24 की जान गई थी, इनमें 12 बच्चे; दो दिन में और 7 लोगों ने दम तोड़ा

## महाराष्ट्र के अस्पताल में अब तक 31 मरीजों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मौतों के बाद 1 और 2 अक्टूबर को और 7 लोगों की जान चली गई। इसी के साथ 36 घंटे के दौरान मरने वालों की संख्या 31 पहुंच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने बताया कि मरने वाले 7 मरीजों में 4 बच्चे हैं।

इससे पहले अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि 30 सितंबर की रात 12 बजे से 1 अक्टूबर रात 12 बजे के बीच 24 लोगों की जान गई है। जान गंवाने वालों में 12 बच्चे, 7 महिलाएं और 5 पुरुष हैं। अस्पताल में 500 बेड की व्यवस्था है, लेकिन 1200 मरीज भर्ती हैं। इनमें 70 मरीजों की हालत





अभी भी गंभीर है।

अस्पताल में मरीजों के परिजन हंगामा कर रहे हैं। आरोप है कि दवा और स्टाफ की कमी से मरीजों की मौत हो रही है। 2 अक्टूबर को यह मामला मीडिया में आया। इस बारे में जब अस्पताल प्रशासन से सवाल पूछा गया तो दिनभर (2 अक्टूबर) को इन मौतों को सामान्य घटना बताता रहा।

प्रशासन ने कहा कि 4 मरीजों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। 1 मरीज का लिवर फेल हुआ था। 1 मरीज की मौत जहर खाने, 2 की संक्रमण और 1 महिला की मौत डिलीवरी के वक्त ज्यादा ब्लड बहने से हुई। वहीं, अन्य मौतों की जांच चल रही है।

#### हाफकिन कंपनी ने दवाओं की आपूर्ति बंद की

उधर, देर शाम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. श्याम राव वाकोड़े ने कहा कि अस्पताल में स्नेक बाइट (सांप के काटने) और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों की कमी है। हाफकिन कंपनी ने दवाओं की आपूर्ति बंद कर दी है। अस्पताल से लगातार कर्मचारियों का तबादला किया जा रहा है, ऐसे में हमारे पास स्टाफ भी कम है।

#### 70-80 किमी के दायरे में एक सरकारी अस्पताल

अस्पताल के डीन ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 6 लड़के और 6 लड़कियों की मौत हुई है।

हम थर्ड लेवल के देखभाल केंद्र हैं और 70 से 80 किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल हैं। इसलिए दूर-दूर से मरीज हमारे पास आते हैं। डीन ने बताया कि हमें हाफकिन नाम के एक संस्थान से दवाइयां खरीदनी थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इसलिए हमने स्थानीय स्तर पर दवाएं खरीदीं और मरीजों को मुहैया कराईं।

## नायडू को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट नौ अक्टूबर को करेगी सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ



अधिवक्ताओं- वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, ए एम सिंघवी और सिद्धार्थ लूथरा और आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और रंजीत कुमार की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में सोमवार को विचार करेगी।

पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार से कहा कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों का पूरा संकलन शीर्ष अदालत के समक्ष पेश करे।

शीर्ष अदालत ने 27 सितंबर को उनकी पुलिस हिरासत के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल विचार करने से इनकार कर दिया था, लेकिन मुकदमा रद्द करने की गुहार पर विचार के लिए सहमति व्यक्त की थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया था।

## शिवराज ने किया स्टेट मीडिया सेंटर का भूमिपूजन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजधानी भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल और जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह के लिए प्रदेश भर से पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। भूमिपूजन समारोह में चौहान ने कहा कि स्टेट मीडिया सेंटर के रूप में भविष्य का ऐसा वटवृक्ष का बीज रोंपा जा रहा है, जिसमें अनुभव की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी।



# शार्ट न्यूज

## कश्मीर में स्थिति शांतिपूण: आईजी

श्रीनगर। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर में स्थिति शांतिपूर्ण है। आईजी ने सीआरपीएफ ऑल वुमेन मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन 2023 के मौके पर कहा कि लाल चौक पर आज की भीड़ शांतिपूर्ण माहौल को दर्शाती है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आप आज लाल चौक पर हैं और आसपास लोगों का बड़ा जमावड़ा है..आतंकवाद कहां है..इससे बेहतर शांतिपूर्ण माहौल कहीं और नहीं हो सकता। इससे पहले, लाल चौक से एक महिला बाइक अभियान को हरी झंडी दिखाई गई थी, जो 40 जिलों को पार करते हुए 2134 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेगा और 31 अक्टूबर को भारत के पूर्व उप प्रधान मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता नगर गुजरात पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि ऑल वुमेन बाइक एक्सपीडिशन का मकसद आम लोगों खासकर लड़कियों और सफल महिलाओं को एक संदेश देना था कि श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक से एक महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की महिला विंग हर कार्यक्रम में अपने पुरुष समकक्षों के साथ अथक रूप से भाग ले रही है।

## श्रीनगर जिले को स्वच्छता के लिए डीसी को मिला उपलब्धि प्रमाण पत्र

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को श्रीनगर के उपायुक्त (डीसी) मोहम्मद ऐजाज असद को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) की एक पहल के तहत स्वच्छता के प्रति उनके अनुकरणीय समर्पण, अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट नेतृत्व तथा ओडीएफ+ हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उपलब्धि प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। अधिकारियों के योगदान का सम्मान करने और स्वच्छता के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट क्षमताओं को पहचानने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा उपायुक्त श्रीनगर को उपलब्धि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) की एक पहल के तहत, उपायुक्त श्रीनगर को उनकी आधिकारिक क्षमता के तहत विभिन्न मंचों पर स्वच्छता के माहौल को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा सम्मानित और मान्यता दी गई थी। इस संबंध में, उपायुक्त श्रीनगर ने अपनी आरडीडी टीम और पीआरआई के सदस्यों को उनके शानदार काम और जिला प्रशासन को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है, जिसके कारण एसबीएम-2.0 के तहत महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

## जेल विकास परिषद की बैठक में बंदियों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का फैसला

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों के न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अब दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रुपये से बढ़ाकर 85 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये और अकुशल के लिए 44 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये दिये जाएंगे। राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। दो फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में श्री धामी द्वारा शुरू की गई बेकरी यूनिट के अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गाय क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की पांच बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी। इसके लिए प्रशिक्षण, देखरेख एवं खरीद की सभी व्यवस्था उद्यान विभाग करेगा। इस पौधशाला केन्द्र से 50 से 60 बंदियों को श्रम पर नियोजित किया जा सकेगा।

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 4.56 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

हैदराबाद। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 2.07 करोड़ रुपये की नकद राशि सहित 4,56,66,660 रुपये की संपत्ति बरामद की है। एसीबी की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि प्लॉट नंबर 16, मकान नंबर-8-7-55/ए/16 में रहने वाले नलगोंडा जिले के मैरीगुडेम मंडल के तहसीलदार मंचिरेड्डी महेंद्र रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। वह रोड नंबर 1, शिरडी साई नगर, हस्तिनापुरम, बी.एन रेड्डी नगर, रंगा रेड्डी जिले का निवासी है। ब्यूरो ने जांच में पाया कि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान भ्रष्ट आचरण और संदिग्ध तरीकों से आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की। एसीबी अधिकारियों ने अपराध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत इसे दंडनीय घोषित कर एक प्राथमिकी दर्ज की है और उनके आवास और विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गयी है। तलाशी अभियान के दौरान, लगभग 4,56,66,660 रुपये की चल और अचल संपत्ति जब्त की गई, जिसमें 2.07 करोड़ रुपये की शुद्ध नकद राशि भी शामिल है।

## जातीय गणना के आकड़ों में फर्जीवाड़ा

पटना। राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार सरकार के जारी जातीय गणना के आकड़े में व्यापक फर्जीवाडा का अंदेशा जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूरी जिम्मेवारी के साथ आकड़ों का आकलन करने के बाद इसमें सुधार कर ही इसे अंतिम रूप से प्रकाशित करने की मांग की। कुशवाहा ने मंगलवार को यहां प्रदेश रालोजद कैम्प कार्यालय के सभागार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों के रालोजद में शामिल होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जातीय गणना के आकड़े जारी होने के बाद से कई कमजोर एवं अतिपिछडा वर्ग के लोगों ने लगातार शिकायत की है कि उनसे अभी तक किसी ने सम्पर्क नहीं किया है। इसलिए ऐसी आशंका है कि क्या किसी जाति विशेष की संख्या बढ़ाने के लिए कमजोर वर्ग जैसे चंद्रवंशी, मलाह, नोनिया, रजक, धनुक जाति के लोगों की संख्या कम करके बताया गया है। रालोजद अध्यक्ष ने कहा कि आकड़ों में आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के आकड़े सम्मिलित नहीं होना शंकाओ को और बल प्रदान करता है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार पूरी जिम्मेवारी के साथ आकड़ों का आकलन करने के बाद इसमें सुधार कर ही इसे अंतिम रूप से प्रकाशित करे।

## भाजपा विकास केलिए समर्पित और इंडी एलायंस लूट ,भ्रष्टाचार के लिए : बाबूलाल

रांची। झारखंड में संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान पांकी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सबसे पहले भारी वर्षा के बावजूद भारी संख्या में उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह भीड़ बतला रहा है की हेमंत सरकार के दिन जाने वाला है, 2024 में भाजपा की सरकार आने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गाँव, ग़रीब, किसान, मज़दूर और महिला के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य माँ बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण ज़रूर किया किंतु बड़े घरानों व पूँजीपतियों के लिए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक ग़रीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारख़ाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया जबकि राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र से चलने वाला एक रुपया का पंद्रह पैसे पहुँचता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी ग़रीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाज़ारी करवा रहे हैं। चार करोड़ से ज़्यादा को आवास योजना का लाभ मिला। मरांडी ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफ़ा दिया है। इस बिल के तहत 33न बहनों को इसका लाभ मिलेगा।

# मोदी ने तेलंगाना को 8000 करोड़ रु से अधिक की विकास परियोजनाओं को दी सौगात

निजामाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तेलंगाना को बिजली, रेल और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 8000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले राज्य को यह सौगात दी।

तेलंगाना में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रधानमंत्री आज छत्तीसगढ़ के बाद अपराह्न निजामाबाद पहुंचे हैं और उन्होंने राज्य के लोगों को 8000 करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी है।

मोदी ने मंगलवार को एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के पहले 800 मेगावॉट संयंत्र के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस परियोजना की मदद से तेलंगाना को सस्ती बिजली मिलेगी और राज्य के आर्थिक विकास में भी तेजी आयेगी। एनटीपीसी का तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन पर्यावरण हित के सभी मानदंडों को पूरा करने वाले स्टेशनों की लिस्ट में शामिल होगा। इसके अलावा मोदी राज्य में मनोहराबाद और सिद्दीपेट को जोड़ने वाली नयी रेल लाइन, धर्माबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण सहित कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

मोदी ने प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत राज्य भर में 20 क्रिटिकल केयर ब्लॉक



(सीसीबी) की आधारशिला रखी। उन्होंने सिद्दीपेट-सिकंदराबाद-सिद्दीपेट ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने थर्मल स्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारी सरकार जिस काम को शुरू करती है , उसे पूरा भी करके दिखाती है। इस थर्मल स्टेशन का लाभ तेलंगाना की जनता को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस स्टेशन की नींव भी उन्होंने ही साल 2016 में रखी थी। उन्होंने कहा कि यही हमारी सरकार की कार्य संस्कृति है।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए आज की परियोजनाओं के लिए तेलंगाना की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र या राज्य का विकास बिजली उत्पादन के लिए उसकी आत्मनिर्भर क्षमता पर निर्भर करता है। राष्ट्र या राज्य का विकास बिजली उत्पादन से एक साथ जीवन जीने में आसानी और व्यापार करने में आसानी में सुधार लाता है।

प्रधानमंत्री ने पेद्दापल्ली जिले में एनटीपीसी के तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के पहले चरण के 800 मेगावाट यूनिट के समर्पण पर टिप्पणी करते हुए कहा, बिजली की सुचारु आपूर्ति राज्य में उद्योगों के विकास को गति देती है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि दूसरी इकाई भी जल्द ही चालू हो जाएगी और इसके पूरा होने पर बिजली संयंत्र की स्थापित क्षमता बढ़कर 4,000 मेगावाट हो जाएगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्लांट देश के सभी एनटीपीसी बिजली संयंत्रों में से सबसे आधुनिक बिजली संयंत्र है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस बिजली संयंत्र में उत्पादित बिजली का बड़ा हिस्सा तेलंगाना की जनता को दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार तेलंगाना की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने हाल ही में हसन-चेरलापल्ली पाइपलाइन को समर्पित करने का जिक्र करते हुए कहा, यह पाइपलाइन लागत प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से एलपीजी परिवर्तन, परिवहन और वितरण का आधार बनेगी।

प्रधानमंत्री ने धर्माबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण परियोजनाओं पर बोलते हुए कहा कि इससे राज्य में कनेक्टिविटी बढ़ेगी और साथ ही दोनों ट्रेनों की औसत गति भी बढ़ेगी।

# छात्रा से परेशान होकर 9वीं के स्टूडेंट का सुसाइड

### फ्रेंडशिप से इनकार करने पर 2 छात्राओं ने किया तंग, टीचर समेत 3 पर केस

**हिसार।** हिसार में 9वीं कक्षा के स्टूडेंट ने साथ पढ़ने वाली दो छात्राओं से तंग आकर सुसाइड कर लिया। 14 साल के ध्रुव नामक इस छात्र ने घर पर ही पंखे से फंदा लगा लिया। छात्र के दादा और दुबई से हिसार पहुंचे उसके पिता ने स्कूल में ध्रुव के साथ पढ़ने वाली दो लड़कियों और स्कूल टीचर पर उनके बच्चे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए। हिसार सिटी थाने में तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई।

हिसार के मोरी गेट एरिया में रहने वालीं संतोष वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके दो बच्चे, बेटा ध्रुव और बेटी अलीशा है। 14 साल का ध्रुव हिसार के अर्बन एस्टेट स्थित एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ता था। संतोष वर्मा ने बताया कि उनके पति दुबई मे



प्राइवेट नौकरी करते हैं। बीती 28 सितंबर को वह हिसार से दवाई लेने जींद गईं और लेट हो जाने के कारण वहीं पर अपने एक रिश्तेदार के यहां ठहर गईं।

उसी समय उनके पास बेटी अलीशा का फोन आया। बेटी ने उन्हें बताया कि ध्रुव को उसकी कक्षा में ही पढ़ने वाली नंदनी और उसकी कुछ सहेलियां परेशान कर रही हैं इसलिए वह स्कूल नहीं जाना चाहता।

संतोष वर्मा के अनुसार, उन्होंने बेटी अलीशा को समझाते हुए कहा कि वह हिसार आते ही स्कूल जाकर ध्रुव की टीचर पूनम और उसे परेशान करने वाली नंदनी व बाकी लड़कियों से बात करेंगी। इसके बाद बेटी अलीशा ने फोन रख दिया।

#### मां के लौटने से पहले ही कर ली आत्महत्या

संतोष वर्मा के मुताबिक, उनके जींद से हिसार पहुंचने से पहले ही बेटे ध्रुव ने घर पर ही अपने कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। दादा लीलूराम और परिवार के लोगों ने उसे हिसार सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार ने दुबई में ध्रुव के पिता संजय वर्मा को घटना की जानकारी दी।

## नवीन ने होमी भाभा कैंसर अस्पताल की नींव रखी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को भुवनेश्वर के पास जटानी में एनआईएसईआर परिसर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र की नींव रखी। यह अत्याधुनिक सुविधा और अनुसंधान केंद्र एक वैश्विक मानक कैंसर देखभाल, अनुसंधान और नवाचार केंद्र होगा। यह दो सौ बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल होगा और दिसंबर 2025 तक तैयार हो जाएगा। इस अस्पताल में नवीनतम कैंसर उपचार तकनीक रखने की सुविधा होगी, जिसमें विकिरण चिकित्सा, उन्नत सर्जरी, कीमोथेरेपी, लक्षित थेरेपी और स्टेम सेल प्रत्यारोपण शामिल हैं, जिससे रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल सुनिश्चित होगी। पटनायक ने कहा कि यह कैंसर अनुसंधान, कैंसर के उपचार और रोकथाम में नवाचार तथा सफलताओं को बढ़ावा देने का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा कैंसर के इलाज में ओडिशा के लोगों के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगी।

## हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी, दोषियों को बचाना प्रदेश की संस्कृति

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पौड़ी जिले के शिक्षा महकमे के चर्चित घूस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव एसएस संधु को तीन सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

अदालत ने सुनवाई के दौरान बेहद गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही न करना प्रदेश की कार्य संस्कृति बन गयी है। अदालत ने मुख्य सचिव को जांच की प्रगति रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ में पौड़ी निवासी पुष्कर सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से आज अदालत में अनुपालन रिपोर्ट सौंपी गयी। अदालत इससे संतुष्ट नजर नहीं आयी। रिपोर्ट में कहा गया कि आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है। अदालत ने जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि साक्ष्यों एवं तथ्यों की मौजूदगी के बावजूद आज तक



कार्यवाही नहीं की गयी है। अदालत ने कहा कि यह प्रदेश की संस्कृति बन गयी है। जो कि गंभीर विषय है। अदालत ने कहा कि प्रकरण की रिकार्डिंग मौजूद है।

यहां तक कि आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2021 में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था लेकिन इसके बावजूद पुलिस आज तक आरोप पत्र दाखिल नहीं कर पायी है। सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिये और समय की मोहलत मांगी गयी लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया।

साथ ही मुख्य सचिव को तीन सप्ताह में जांच कर जवाबी हलफनामा दाखिल करने और प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने के निर्देश दिये।

## बंगाल में 1,30,00,000 मनरेगा जॉब कार्ड हटाए गए : शुभेंदु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि आधार कार्ड सीडिंग की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से राज्य में 1,30,00,000 मनरेगा जॉब कार्ड हटा दिए गए हैं। अधिकारी ने कहा, लूट अलर्ट, आधार कार्ड सीडिंग की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से पश्चिम बंगाल में 1,30,00,000 मनरेगा जॉब कार्ड हटा दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया जरा कल्पना करें कि पिछले 10 वर्षों में औसतन, भले ही इन फर्जी जॉब कार्ड धारकों तृणमूल कांग्रेस नेताओं को केवल 10,000 रुपये का भुगतान किया गया हो, लेकिन निकाली गई राशि 13 हजार करोड़ होगी। टीएमसी नेताओं का विरोध फर्जी जॉब कार्ड जितना ही फर्जी है। जो लोग लूटेंगे उन्हें पश्चिम बंगाल के लोगों से सजा मिलेगी। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में, तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व मनरेगा और आवास योजना के तहत धन जारी करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

## विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में अमिताभ होंगे ब्रांड एम्बेसडर : धामी

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में आगामी 28 नवंबर से एक दिसंबर तक, 6वाँ विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के ब्रांड एम्बेसडर पद्म विभूषित व महानायक अमिताभ बच्चन होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह एंव आपदा प्रबन्धन मंत्री अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण हेतु अनुरोध किया जाएगा। इस सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश एवं दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श होगा।



यह जानकारी मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय के मीडिया सेंटर में संवादाताओं को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 6वाँ विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन, देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, डी.एम.आई.सी.एस. हैदराबाद तथा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।


धामी ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रमुखों, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के साथ ही विश्व के प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र संघ, देश-विदेश के जलवायु विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश एवं दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच मंथन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6वें विश्व सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना एवं उनका समाधान करना है। इसके अतिरिक्त सम्मेलन का उद्देश्य उत्तराखण्ड को आपदा प्रतिरोधकता और तत्परता के लिए जलवायु अनुकूली समाधानों के केंद्र के रूप में विकसित करना है।

## हिमाचल में होटलों और होम स्टे में 20 फीसदी तक छूट : कश्यप

शिमला। हिमाचल की ओर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने चयनित होटलों में कमरों की बुकिंग पर 20 फीसदी छूट की अवधि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। प्रदेश के निजी होटलों और होम स्टे संचालकों ने भी अक्तूबर माह के लिए कमरों की एडवांस बुकिंग पर 30 से 50 फीसदी छूट का एलान कर दिया है।

हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के बाद बड़ी संख्या में सैलानी हिमाचल की जगह कश्मीर का रुख कर रहे थे। सैलानियों को हिमाचल के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए ऑफर जारी किए गए हैं।

अक्तूबर माह में दुर्गा पूजा के दौरान



सैलानियों की संख्या बढ़नी की उम्मीद है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि आकर्षक ऑफर मिलने पर लोग हिमाचल का रुख करेंगे। ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि हिमाचल में सैलानियों को आकर्षित करने को कमरों की बुकिंग पर होटल संचालक 30 फीसदी तक छूट दे रहे हैं।

कई होम स्टे संचालक कमरे की बुकिंग के साथ मुफ्त ब्रेकफास्ट और डिनर ऑफर कर रहे हैं। नारकंडा हाटू स्थित अज्ञात वास के संचालक प्रताप चौहान ने बताया कि सैलानियों को एडवांस बुकिंग पर 25 से 30 फीसदी तक छूट दी जा रही है।

हिमाचल पर्यटन विकास निगम प्रबंध निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि आपदा के बाद हिमाचल में सैलानियों की सुविधा के लिए पर्यटन विकास निगम के चयनित होटलों में एडवांस बुकिंग पर 20 फीसदी छूट 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है। सैलानियों के लिए कई अन्य आकर्षक पैकेज भी जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन विकास निगम ने सैलानियों के लिए दो दिनों का ट्राइबल साइट सीन टूअर पैकेज भी जारी किया है।

## सोशल मीडिया पर हिंसा का महिमामंडन करने वाले गानों को अपलोड करने पर रोक

जालंधर। पंजाब में जालंधर के पुलिस उपायुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अंकुर गुप्ता ने हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। गुप्ता ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर सार्वजनिक, धार्मिक स्थानों, मैरिज पैलेसों, होटलों, हाल आदि में विवाह पार्टियों के अवसर पर तथा अन्य सभा स्थलों पर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार ले जाने एवं उसका प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति हथियारों का प्रचार करना और हिंसा/झगड़े का महिमामंडन करने वाले गाने गाना और हथियारों के साथ फोटो खींचना या वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया/ फेसबुक/ व्हाट्सएप पर अपलोड नहीं करेगा, ऐसा करना सख्त वर्जित है। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरा भाषण नहीं देगा।

## राहुल ने दरबार साहिब में टेका माथा, बर्तन धोए, सब्जियां काटी

अमृतसर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी मंगलवार फिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंचे।

उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेककर जूठे बर्तन साफ करने की सेवा की। इसके साथ ही वह लंगर के लिए बनाई जाने वाली सब्जियां काटते हुए भी नजर आए। इससे पहले मंगलवार तड़के उन्होंने पालकी साहिब की सेवा निभाई थी।

गांधी एक निजी यात्रा पर अमृतसर आये हैं। उन्होंने कल गुरुद्वारे पहुंचकर परिक्रमा की। परिक्रमा के दौरान उन्होंने गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह के समीप लगी छबील पर श्रद्धालुओं को जल पिलाने की सेवा की थी। श्री गांधी आधा घंटा सेवा करने के बाद करीब नौ बजे सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने पहुंचे।

उन्होंने सचखंड में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष 'चंदो' साहब चढ़ाया। उन्होंने करीब 50 मिनट सचखंड में ही कीर्तन सुना। पूर्वाह्न करीब सवा 10 बजे श्री गांधी सचखंड से वापस होटल चले गए।

गांधी का मंगलवार पूर्वाह्न 10 बजे श्री हरमंदिर साहिब आने का कार्यक्रम था, लेकिन वह 11.50 पर वहां पहुंचे।

गांधी का यह निजी दौरा है। इसलिए उनके आस-पास कोई कांग्रेस नेता नजर नहीं आया। सुरक्षा को देखते हुए वह होटल रमाडा में रुके हुए हैं। पहले उनके रहने का इंतजाम सारागढ़ी सराय में किया गया था। श्री गांधी ने अपने इस निजी दौरे के दौरान श्री हरमंदिर साहिब में सेवा करने की भी इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने हरमंदिर में लंगर हाल में बर्तनों और जोड़ों की सेवा की। उनके इस दौरे से पहले पंजाब पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## जयपुर, बीकानेर, अजमेर एवं जैसलमेर में बनेंगे पैनोरमा

जयपुर। राजस्थान सरकार प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और महापुरूषों के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए पैनोरमा तैयार करा रही है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चार जिलों में पैनोरमा निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

गहलोत की स्वीकृति से जयपुर में स्वामी आत्मारामजी लक्ष्य पैनोरमा, बीकानेर में राव बीकाजी पैनोरमा बनेगा। इनमें 4-4 करोड़ रुपए की लागत आएगी। साथ ही, अजमेर में पृथ्वीराज चौहान पैनोरमा तथा जैसलमेर के पोकरण में इंदिरा महाशक्ति भारत पैनोरमा का निर्माण होगा। इनमें 5-5 करोड़ रुपए व्यय होंगे। सभी कार्य पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन विकास कोष से करवाए जाएंगे।

## बीएसएफ ने पाक ड्रोन गिराया, ढाई किलो हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब में सीमा सुरक्षा बल ने जिला तरनतारन में एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया है। घटनास्थल से बीएसएफ को ड्रोन के साथ दो किलो सात सौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की रात सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने गांव कलसियां खुर्द के पास भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक पाक ड्रोन को मार गिराया।

## जिले की अनाज मंडियों में 15 लाख क्विंटल धान की खरीद

अमृतसर। पंजाब की अनाज मंडियों में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होने के साथ अब तक अमृतसर की अनाज मंडियों में व्यापारियों द्वारा 15 लाख क्विंटल बासमती की खरीद की जा चुकी है।

जिला उपायुक्त अमित तलवार ने मंगलवार को सभी अधिकारियों को जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान, भुगतान, परिवहन, मजदूरों और बारदाना की उपलब्धता आदि के संबंध में किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी दी और पंजाब सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अनाज मंडियों में धान की आवक तेज होगी, जिसे देखते हुए किसी भी मंडी में अपना उत्पाद बेचने के लिए आने वाले किसानों, मजदूरों और अन्य वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को समय-समय पर अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के भी निर्देश दिए।

जिला मंडी अधिकारी अमनदीप सिंह ने कहा कि अब तक 26 मंडियों में धान की जल्दी पकने वाली किस्म की आवक हो चुकी है और व्यापारियों द्वारा 15 लाख क्विंटल बासमती की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान की सरकारी खरीद के लिए सभी एजेंसियां तैयार हैं और किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

नई दिल्ली
बुधवार 04 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक-सवार को रौंदा: एक युवक की मौत, पत्नी व बेटा गंभीर

**मोदीनगर।** मोदीनगर के मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मनोटा गेट यूटर्न के सामने तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार एक परिवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी व दो साल का पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद जाम जैसी स्थिति बन गई। ईस्ट दिल्ली के थाना जगतपुरी की रामनगर कॉलोनी निवासी नरेश वर्मा का 33 साल का पुत्र दिपांकर वर्मा अपनी पत्नी अनुराधा व पुत्र युवान के साथ बाइक से अपनी ससुराल मोदीनगर के गांव बखरवा आए थे। देर रात को वह वापस दिल्ली की और जा रहे थे। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मनोटा यूटर्न के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों काफी दूर जा गिरे। हादसे के बाद दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मुरादनगर स्थित सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने दिपांकर वर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुराधा व युवान की हालात गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### बिना आमद कराए ही भागा सिपाही, दोनों ने मोबाइल फोन किए बंद

गाजियाबाद। नगर कोतवाली के साईं उपवन में युवती से छेड़छाड़ और मंगेतर से थप्पड़ मारने के मामले में पुलिस पांच दिन बाद भी न तो आरोपी सिपाही व होमगार्ड को गिरफ्तार कर पाई और न ही घटना में शामिल तीसरे व्यक्ति का नाम पता लगा पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिपाही को निलंबित किया गया लेकिन वह लाइन में बिना आमद कराए ही भाग गया। वहीं होमगार्ड कमांडेंट की ओर से भी आरोपी होमगार्ड के नोटिस जारी किया है लेकिन वह भी घर पर नहीं मिला। दोनों ने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए। सिपाही और होमगार्ड पर भ्रष्टाचार, छेड़छाड़ और धमकी देने धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। नगर कोतवाती क्षेत्र की पीआरवी पर तैनात सिपाही दिगंबर और होमगार्ड राकेश कुमार ने अपने एक साथी के साथ साईं उपवन में गौतमबुद्धनगर की युवती अपने मंगेतर के साथ घूमने गईं थीं। वहां सिपाही और होमगार्ड ने उन्हें धमकाया। उनके साथी ने पांच लाख रुपये की मांग की। सिपाही और होमगार्ड ने युवती के साथ छेड़छाड़ की और संबंध बनाने का दबाव बनाया। घटना 16 सितंबर की है। मामले में पुलिस ने 28 सितंबर को मुकदमा दर्ज किया था। पांच दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। एसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि होमगार्ड राकेश कुमार और सिपाही दिगंबर की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों अपने घरों पर नहीं मिले हैं।

### संपत्ति हड़पने वाले गिरोह का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

मुरादनगर। पुलिस ने फर्जी शादी कराकर संपत्ति पर कब्जा करने वाले गिरोह के हिस्ट्रीशीटर बदमाश सचिन को गिरफ्तार किया है। गिरोह में तीन महिलाएं भी हैं। गिरोह ऐसे लड़कों की तलाश करता था, जो अमीर घरों से हैं और उनकी शादी नहीं हो रही है। पुलिस शादी करने वाली महिला व अन्य बदमाशों की तलाश में लगी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि फर्जी शादी कराकर संपत्ति हड़पने वाले बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जलालाबाद मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाकर एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सचिन निवासी नूरपुर गांव बताया। थाना मसूरी का सचिन हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। एसीपी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश प्रीति निवासी सोनीपत के साथ मिलकर फर्जी शादी कराने का गिरोह चला रहे हैं। नूरपुर गांव निवासी निवासी हिस्ट्रीशीटर सचिन का यूआईएमटी कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ. सुधा सिंह के पास आना जाना था, उसने जान पहचान का फायदा उठाते हुए सोनीपत निवासी प्रीति को डॉ. सुधा सिंह के घर में मेड रखवाया।

### स्कूल जा रही लड़की को घर के अंदर खींचा

पलवल। हरियाणा के पलवल जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराध निरंतर जारी हैं। सहपाठी से परेशान छात्रा की आत्महत्या के बाद अब नौवीं कक्षा की छात्रा को एक युवक खींचकर घर के अंदर ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसके बाद आरोपी व उसके साथी ने स्कूल जाते समय छात्रा को जबरन बाइक पर बिठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा के कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ व गाली-गलौज की। कैंप थाना पुलिस ने छात्रा की मां की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कैंप थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यनारायण के अनुसार एक कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। करीब तीन माह पहले उसकी बेटी खाना-खाने के बाद घर के समीप रास्ते में टहल रही थी। उसी दौरान वहां पड़ोस में रहने वाला हेमंत आया और उसकी बेटी को जबरन खींचकर अपने चाचा के घर ले गया। उसकी बेटी आरोपी से छूटकर घर भाग आई। बदनामी के डर से उसने किसी को कुछ नहीं बताया। बीते 28 सितंबर को वह अपनी बेटी को स्कूल लेकर जा रही थी तो रास्ते में आरोपी हेमंत व उसका साथी निखिल बाइक से आया और जबरन उसकी बेटी को बाइक पर बिठाने लगा।

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। महिला के फ्लैट में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी सुरक्षा गार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विरोध करने पर उसके गले पर पेचकस से हमला कर फरार हो गया था। मामला राजेंद्रा पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर-92 स्थित एक सोसायटी का था। महिला की शिकायत पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सात दिन पहले फ्लैट में घुसकर सुरक्षा गार्ड ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसके गले पर पेचकस से हमला किया था। इसके बाद वह महिला को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस टीम ने आरोपी को सेक्टर 92 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। छानबीन के दौरान पता चला कि वह महिला को हर दिन फ्लैट की बालकनी में देखता था। मौका पाकर पाइप लीकेज के बहाने वह फ्लैट में घुसा और दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस टीम ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां पर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में ले लिया गया। आरडब्ल्यूए की ओर से घटना के बाद से ही महिला सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है।

### एनएसजी ने सौंपी 19 गांवों की मिट्टी

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के दूसरे चरण के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में धूमधाम से चल रही है। यात्रा के दूसरे दिन सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) मानेसर की टीम पहुंची। मेजर भूपेश के नेतृत्व में एनएसजी टीम द्वारा गुरुग्राम जिला के 19 गांवों में अमृत कलश यात्रा निकाली है तथा इन गांवों से मिट्टी एकत्रित की है। टीम ने नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ.नरेश कुमार को 19 गांवों से एकत्रित मिट्टी के कलश सौंपें। उन्होंने बताया कि उनकी टीम अलग-अलग गांवों में जाकर अमृत कलश यात्रा निकाल रही है। इस मौके पर एनएसजी से मेजर भूपेश व उनकी कमांडो टीम, अंतरराष्ट्रीय कत्थक कलाकार शोभना झा, नगर निगम गुरुग्राम की सलाहकार डॉ. अनीता फलसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव महेन्द्र यादव, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार उपस्थित थे। सहित आदि मौजूद रहे। सभी ने पंच प्रण शपथ लेकर विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग का वचन दिया।

# पत्रकारों के खिलाफ़ छापे लोकतंत्र पर प्रहार : आप



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस की छापे को लोकतंत्र पर बड़ा प्रहार करार देते हुए कहा कि सरकार सच बोलने से पत्रकारों को रोकना चाहती है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस के छापे को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ और पत्रकारों की स्वतंत्रता पर प्रहार केआर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के ख़िलाफ़ लिखते और आवाज़ उठाते हैं इसलिए इनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों के ख़िलाफ़ कार्रवाई को चीन से जोड़ा जा रहा है लेकिन जहां चीन हमारी ज़मीन पर कब्जा कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप हैं।चीन हमारी सीमाओं में घुसपैठ कर रहा है लेकिन प्रधानमंत्री की बोलने की हिम्मत नहीं है लेकिन पत्रकारों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करने की नौटंकी की जा रही है।

पत्रकारों के ख़िलाफ़ हमले पर 'इंडिया' गठबंधन की ओर से जारी किए गये बयान को आम आदमी पार्टी ने साझा किया है। इसमें कहा गया है कि 'बीते नौ सालों में भाजपा सरकार ने बीबीसी, न्यूज़लॉन्ड्री, दैनिक भास्कर, भारत समाचार, द कश्मीर वाला, द वायर इत्यादि को जानबूझकर दबाने के लिए जांच एजेंसियों को तैनात किया है और अब सबसे ताज़ा हमला न्यूज़क्लिक के पत्रकारों पर हुआ है।'

इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने कहा है कि भाजपा सरकार की यह कार्रवाई केवल उन मीडिया संगठनों और पत्रकारों के खिलाफ़ हो रही है जो सत्ता से सच बोलते हैं। दुर्भाग्य से जब नफ़रत और विभाजन फैलाने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई की बात आती है तो सरकार पंगु बन जाती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को देश और जनता से जुड़े असल मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी असफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए मीडिया पर हमले करना बंद करना चाहिए।

### कार्ड बदल कर 35 हजार रुपये निकाले

गुरुग्राम। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर राज नगर मोड़ के पास एक एटीएम बूथ में युवक का कार्ड बदलकर ठगों ने उसके बैंक खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए। शिवाजी नगर थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही बैंक प्रबंधन से डिटेल मांगी है। पुलिस के अनुसार गांधीनगर निवासी अजय सिंह ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा कि वह बीते दिनों राजनगर मोड़ पर कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गया था। वहां पर एटीएम से पांच सौ रुपये निकाले। इसी दौरान एटीएम में पीछे खड़े दो युवकों ने उनके हाथ से धोखे से एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद जब वह घर जाने लगे तो उनके मोबाइल में 35 हजार रुपये कटने का मैसेज मिला। जब उन्होंने अपना कार्ड देखा तो उन्हें धोखाधड़ी का पता चला।

# दिल्ली में मॉनसून जाते ही बदला मौसम का मिजाज

### तापमान में गिरावट के साथ रात में होने लगी ठंडी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सुबह और शाम के समय ठंडक लगातार बढ़ती जा रही है। दिल्ली के तापमान में भी कमी देखने को मिल रही है। बीते तीन से चार दिन में न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। एक अक्तूबर को जहां दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री था, तो वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री दर्ज की गई है। यह सामान्य से चार डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में सुबह एवं शाम के समय हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। दिल्ली में लगातार तापमान में कमी देखने को मिल रही है। मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो अभी के मौसम में सामान्य है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले दो से तीन दिनों तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास बना रहेगा। झ्ठ्ठमौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक सुबह के समय हल्की धुंध होने की संभावना है। दोपहर के समय आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। फिलहाल अगले छह दिनों तक राजधानी में बारिश की संभावना नहीं है। आगामी सात अक्तूबर के बाद दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

राजधानी में ग्रैप को लागू हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक दिल्ली की हवा मध्यम श्रेणी में होने के चलते इसका कोई चरण लागू नहीं हो सका है। मंगलवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 157 दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 145 रहा था। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पास होने पर ही ग्रैप का पहला चरण लागू होगा।

# गाजियाबाद में हिन्दू रक्षा दल अध्यक्ष पर 2 एफआईआर

गाजियाबाद। हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया पर गाजियाबाद पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। गाजियाबाद में 24 घंटे के भीतर दो पुलिस स्टेशनों में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज हुए हैं। राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में एक सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने जय माता दी स्टीकर लगा होने पर एक वाहन का चालान काट दिया था। इसके विरोध में हिन्दू रक्षा दल ने वहां पहुंचकर हंगामा किया। कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैया भी मौके पर पहुंचे थे। उनकी ट्रैफिक पुलिसकर्मी से नोकझोंक और मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुई थी। अब इस मामले में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने थाना नंदग्राम में भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया व 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हेड कांस्टेबल ने कहा है कि इन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और अभद्रता की। दूसरा मुकदमा थाना शालीमार गार्डन में दर्ज हुआ है। दरअसल, यहां पर 23 सितंबर को नाले में गोवंश के अवशेष मिले थे। यहां भी हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर हंगामा किया था। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पिंकी चौधरी ने वहां पहुंचकर हिन्दू धर्म के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धार्मिक भावनाओं को आहत किया।

# सफदरजंग अस्पताल में शुरू हुई शाम की ओपीडी

### पहले दिन पहुंचे 150 मरीज, आने वाले दिनों में बढ़ सकती है भीड़



**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में मंगलवार से शाम की ओपीडी सुविधा शुरू हो गई। पहले दिन 150 मरीज इलाज करवाने पहुंचे। इनमें से कई मरीजों को आपातकालीन विभाग से शाम की ओपीडी में भेजा गया। स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर के पास कोविड के पुराने सेंटर में शुरू हुई इस ओपीडी में फिलहाल तीन विभागों की सुविधा मिल रही है जिसे आने वाले दिनों में बढ़ाया जाएगा।

मंगलवार को पहले दिन अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वंदना तलवार भी इस ओपीडी में पहुंचीं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पंजीकरण केंद्र पर कंप्यूटर से पहले मरीज की पर्ची भी बनाकर दी।

इस मौके पर डॉक्टर तलवार ने कहा कि शाम को ओपीडी सेवा के लिए पंजीकरण सुबह 11: 30 बजे से लेकर शाम 5: 30 बजे तक होगा। यह ओपीडी कोरोना के इलाज के लिए बने मेक शिफ्ट सेंटर में दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। शुरुआत में मेडिसिन, सर्जरी और पीडियाट्रिक विभाग की ओपीडी सेवा शुरू की गई है। इसके कुछ दिन बाद अन्य विभागों के डॉक्टर भी शाम को ओपीडी में मरीजों को परामर्श देंगे।

#### रोज आते हैं 10 हजार मरीज

सफदरजंग अस्पताल में रोज करीब 10 हजार मरीज इलाज करवाने आते हैं। दूरदराज से आने वाले मरीजों को सुबह पहुंचने में दिक्कत होती थी। अब वह शाम की ओपीडी में भी इसका लाभ ले सकते हैं।

यह सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों की संख्या भी बढ़ सकती है। डॉक्टरों का भी कहना है कि अस्पताल में मरीजों का काफी बोझ है, जब लोगों को इस सुविधा का पता चलेगा कि वह सुबह मौका न मिलने पर इस तरफ रुख करेंगे। वहीं अन्य मरीज भी अस्पताल में आएंगे। ग्रेटर नोएडा से सफदरजंग में बच्चे का इलाज करवाने आए महेंद्र ने बताया कि सड़क पर जाम लगने के कारण 11 बजे के बाद ही अस्पताल पहुंच पाए।

देरी होने के कारण सुबह की ओपीडी पर्ची नहीं बन पाई। जब बच्चे को लेकर आपातकालीन विभाग में लेकर जा रहे थे तो गार्ड ने शाम की ओपीडी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शाम की ओपीडी खुलने के बाद काफी फायदा हो गया है।

# दिल्ली में केजरीवाल सरकार करेगी पॉल्यूशन को कंट्रोल

### गोपाल राय ने बताया पूरा प्लान

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सर्दियों के दौरान प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके लिए केजरीवाल सरकार द्वारा पहले ही विंटर एक्शन प्लान बनाया जा चुका है। इसे बेहतर ढंग से लागू करने के लिए अब सरकार ने ग्रीन वार रूम तैयार किया है। मंगलवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में बनाए गये इस ग्रीन वार रूम का उद्घाटन किया। इसमें प्रदूषण की देखरेख के लिए 17 सदस्यों की एक टीम तैनात की गई है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इस अवसर पर कहा कि यह ग्रीन वार रूम 24 घंटे डा. नंदिता मोइत्रा की अध्यक्षता में काम करेगा। इसमें तैनात सदस्य प्राथमिक प्रदूषकों के स्तर, प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उपायों और ग्रीन दिल्ली ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए कई एजेंसियां काम कर रही हैं। उनके बीच तालमेल बनाने का काम भी इस टीम के सदस्य करेंगे। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने एवं खुले में कचरा जलाने से संबंधित सेटेलाइट डेटा का विश्लेषण भी ग्रीन वार रूम में किया जाएगा।



गोपाल राय ने बताया कि ग्रीन दिल्ली ऐप पर आने वाली शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाने एवं उसकी मॉनिटरिंग का काम भी यह टीम करेगी। यह ऐप दिल्ली के 28 विभागों का संयुक्त प्लेटफार्म है। इस ऐप पर जो शिकायतें आती हैं, उन पर सभी 28 विभागों के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की जाती है। गोपाल राय ने बताया कि ग्रीन दिल्ली ऐप पर अभी तक 70,684 शिकायतें आई हैं। इनमें से 90 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। इस ऐप पर सबसे ज्यादा 45,208 शिकायतें एमसीडी की आई हैं। उसके बाद पीडब्लयूडी की 10,928 और डीडीए की 4,289 शिकायतें आई हैं।झ्ठ्ठगोपाल राय ने दिल्लीवासियों से अपील है कि ग्रीन दिल्ली ऐप को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर लें। इस ऐप के माध्यम से वह प्रदूषण से संबंधित शिकायत सीधे सरकार से कर सकते हैं। गोपाल राय ने बताया कि बीते 8 वर्षों में राजधानी के भीतर पीएम-10 और पीएम-2.5 में 30 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आगामी गुरुवार से एंटी डस्ट अभियान शुरू किया जाएगा।

# जबरदस्ती शराब नहीं पीने पर दबंगों ने युवक को पीटा

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी आजमपुर गांव निवासी एक युवक को शराब नहीं पीने पर पड़ोस के चार लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में मंगलवार शाम को पीड़ित ने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है।

गांव निवासी राजेश नाम की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा तुषार सोमवार की शाम घर पर था। उसी दौरान पड़ोस के चार युवक उसको बहकाकर अपने साथ जंगल में ले गए। आरोप है कि जहां आरोपियों ने उसको जबरदस्ती शराब पिलाने का प्रयास किया। जब उसके बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उसकी लाठी-डंडों से जमकर उसकी पिटाई कर दी। बाद में पीड़ित को जंगल में फेंककर आरोपी अपने घर आ गए। कुछ देर बाद पीड़ित घर पहुंचा और अपने साथ की घटना की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी।

इसके बाद रात के वक्त जब परिवार के लोग कोतवाली आने लगे तो आरोपियों ने रास्ते में उनको रोक लिया। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# एमिटी विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता संगठन 2023 का आयोजन

नोएडा। एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे रहे एमिटी अंतर संस्थान खेल प्रतियोगिता 'संगठन 2023 'के अंतर्गत मंगलवार को छात्र व छात्राओं के बीच खो खो प्रतियोगिता और शतरंज प्रतियोगिता के प्रथम राउंड के मुकाबले खेले गए। छात्राओं के खो खों प्रतियोगिता का मैच एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम के मध्य खेला गया।

मैच के प्रथम भाग में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी की टीम ने 31 अंक हासिल किये और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम कुछ भी स्कोर नहीं कर पाई। इस तरह मैच के द्वितीय भाग में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दोनों का स्कोर 0 रहा। मैच के अंत में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी की टीम ने खो खो मैच 31 -0 से जीत लिया।

शतरंज के छात्राओं के मुकाबले के अंतर्गत प्रथम राउंड के मैचों का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम मैच एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइस की टीम और एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम के मध्य हुआ। दोनों टीमों का स्कोर 2 - 2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद बेस्ट प्लेयर मैच में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइस की टीम ने यह मैच 1- 0 से जीत लिया। इस तरह एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइस की टीम का कुल स्कोर 3 और एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम का स्कोर 2 रहा।

छात्राओं के शतरंज के मुकाबले में एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस के मध्य हुआ।

# ग्रेटर नोएडा में इनामी बदमाश की पुलिस से हुई मुठभेड़

### डकैती के मामले में चल रहा था फरार, मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां डाली थी डकैती

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क थाना पुलिस की एक 25000 के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसको घायल अवस्था मे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह बदमाश डकैती के मामले में करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था।

दरअसल, सोमवार रात को नॉलेज पार्क थाना पुलिस शारदा गोल चक्कर के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका, लेकिन वह संदिग्ध नहीं रुके और उन लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उनका पीछा करने की कोशिश की तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान



पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर गया। जबकि दूसरा बदमाश फरार हो गया।

गोली लगने से घायल हुए संदिग्ध को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। उसकी पहचान आजीब उर्फ अजीब के रूप में हुई, जो की बदायूं का रहने वाला है। वहीं उसके दूसरे साथी को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। दूसरे बदमाश की पहचान अमरीश के रूप में हुई।

#### पुलिस ने 25 हजार का इनाम किया था घोषित

इस दौरान बदमाशों पूरे परिवार को बंधक बनाकर करीब ढाई लाख रुपए की नगदी, सोने चांदी के जेवरात व डॉलर की डकैती की थी। करीब 2 घंटे तक इन लोगों ने महिलाओं और छोटे बच्चों को गन पॉइंट पर रखकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था, हालांकि इस मामले में कुछ दिन बाद पुलिस की मुठभेड़ हुई थी और इसके साथी गिरफ्तार हुए थे। लेकिन यह पुलिस पर फायरिंग करने के बाद फरार हो गया था। इस मामले में आजीब पर 25000 का इनाम भी घोषित था। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर किस्म का बदमाश घायल अवस्था में पकड़ा गया है। साथ ही एक बदमाश कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार हुआ है। इन लोगों के द्वारा एक मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां पर डकैती डाली गई थी। बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस व सामान बरामद हुआ है।

#### आजीब एक शातिर किस्म का लुटेरा

आजीब एक शातिर किस्म का लुटेरा है और यह अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती की वारदात को भी अंजाम दिया करता था। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर 5 सितंबर 2022 को बीटा टू थाना क्षेत्र के बीटा 2 सेक्टर में एक मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

# गोली मारकर गाड़ी लूटने वाला 24 घंटे में गिरफ्तार

गुरुग्राम। सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में युवक को गोली मारकर गाड़ी लूटने के मामले में सीआईए सेक्टर-40 की टीम ने 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई कार व प्लैटिनम रिंग बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर-65 थाना पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि बीती रात को वह सेक्टर-59 स्थित एक कैफे के निकट से जा रहा था। उसी समय दो युवकों ने उसे रोका और गन प्वाइंट पर लेकर लूटपाट करने लगे। युवक के विरोध करने पर एक आरोपी ने फायर कर दिया। गोली युवक के हाथ में लगी लेकिन इसके बावजूद भी उसने विरोध जारी रखा। इस बीच दूसरे आरोपी ने भी फायर कर दिया। इस बार गोली युवक के चेहरे को छूते हुए निकल गई जिसके बाद आरोपी युवक से मारुति बलेनो, मोबाइल फोन, पर्स व रिंग आदि लूटकर फरार हो गए।

घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश में जुट गई। सीआईए सेक्टर 40 के प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को कुछ ही घंटों के बाद झज्जर गांव काहडी से काबू कर लिया।

आरोपी की पहचान यूपी गाजियाबाद के गांव गनोली निवासी डिप्टी उर्फ आशु के रूप में हुई। मामले में दूसरा आरोपी यूपी गाजियाबाद के ही गांव गनोली निवासी अशोक अभी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती-भाई को बेहरमी से पीटा

**मोदीनगर।** मोदीनगर के मुरादनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में बाजार से सामान लेने जा रही युवती को जबरदस्ती खींचकर अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जब युवती को बचाने भाई पहुंचा तो दंबगों ने सिर में डंडा मारकर सिर फोड़ा दिया। युवक को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। उनकी पुत्री बाजार से सामान लेने के लिए जा रही थी। जब वह बीच बाजार में पहुंची तो गांव के रहने वाले युवकों ने युवती का हाथ पकड़कर सुनसान स्थान पर बने कमरे में खीच लिया।

# संपादकीय



## जमीनी स्तर पर लागू होती नहीं दिखतीं चुनाव आयोग की घोषणाएं

चुनाव आयोग की ओर से अक्सर कई स्तर पर हिदायतें दी जाती रही हैं। नामांकन के वक्त निर्धारित प्रपत्र में उम्मीदवारों की ओर से अपने अतीत का ब्योरा दर्ज कराया जाता है, जिसमें अपने आपराधिक रिकार्ड या खुद पर आरोप होने के बारे में भी बताया जाता है।

लोकतंत्र को वास्तव में जमीन पर उतारने के संदर्भ में लंबे वक्त से यह बहस चलती रही है कि राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त करने के लिए क्या किया जा रहा है। ऐसा कोई राजनीतिक दल नहीं है, जो लोकतांत्रिक ढांचे में आपराधिक छवि के लोगों के जगह बनाने का समर्थन करता हो। लेकिन विचित्र यह है कि अमूमन सभी पार्टियां चुनाव के वक्त सिर्फ इस बात का ध्यान रखती हैं कि किसी सीट पर उन्हें ही जीत मिले, भले ही उसके लिए उन्हें किसी दागी या आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति को टिकट देना पड़े।

यह बेवजह नहीं है कि आज भी देश की विधायिका में एक खासी तादाद वैसे लोगों की है, जो किसी अपराध के आरोपी रहे हैं, लेकिन अब वे जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसभा या फिर किसी विधानसभा में मौजूद हैं। सवाल है कि पिछले कई दशक से राजनीतिक हलकों से लेकर अदालतों तक में आपराधिक पृष्ठभूमि वालों के चुनाव लड़ने पर उठने वाली आपत्तियों के बावजूद आज भी संसद या विधानसभाओं के लिए ऐसे लोगों की उम्मीदवारी पर रोक क्यों नहीं लगाई जा सकी है!

इस मसले पर चुनाव आयोग की ओर से अक्सर कई स्तर पर हिदायतें दी जाती रही हैं। नामांकन के वक्त निर्धारित प्रपत्र में उम्मीदवारों की ओर से अपने अतीत का ब्योरा दर्ज कराया जाता है, जिसमें अपने आपराधिक रिकार्ड या खुद पर आरोप होने के बारे में भी बताया जाता है। इसके अलावा, चुनाव आयोग उम्मीदवारों से अपने ऊपर आपराधिक मामले सार्वजनिक रूप से जाहिर करने के लिए कहता है, जिसमें इससे संबंधित विज्ञापन देना भी शामिल है।

इसी क्रम में राजस्थान विधानसभा के लिए होने वाले चुनावों की व्यवस्था के मद्देनजर रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उम्मीदवारों को अखबारों में विज्ञापन देकर अपने आपराधिक रिकार्ड की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। साथ ही राजनीतिक दलों को भी यह कारण बताना होगा कि पार्टी ने उस व्यक्ति को उम्मीदवार के तौर पर क्यों चुना है। यानी अगर मतदाताओं के सामने उम्मीदवारों के अतीत और चाल-चरित्र आदि के बारे में पूरी जानकारी होगी, तो वे अपने मत की कीमत समझते हुए आपराधिक छवि के लोगों को वोट नहीं देंगे। निश्चित रूप से चुनाव आयोग की मंशा राजनीति और लोकतंत्र को अपराध की छाया से मुक्त करने की है। लेकिन देश भर में पिछले कई चुनावों के मौके पर ऐसी ही घोषणाओं के बावजूद अब तक इस तस्वीर में क्या फर्क आ सका है? हालत यह है कि एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की हाल की एक रपट के मुताबिक, चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें पच्चीस फीसद गंभीर अपराध से जुड़े हैं।

आखिर क्या वजह है कि चुनाव आयोग की बार-बार की घोषणाएं जमीनी स्तर पर लागू होती नहीं दिखती हैं। सवाल यह भी है कि अगर आयोग की ओर से उम्मीदवारों को विज्ञापन देकर अपने अपराधों के बारे में बताने का निर्देश दिया जा रहा है तो क्या यह प्रकारांतर से राजनीति के अपराधीकरण को स्वीकृति देना है? ऐसे नियम क्यों नहीं बनाए जाते, जिसके तहत आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक हो और मतदाताओं के सामने आपराधिक छवि के उम्मीदवारों का विकल्प खत्म हो जाए? केवल अच्छी मंशा से किसी नियम की घोषणा करने से राजनीति में अपराधीकरण का जोर कम नहीं होगा। बल्कि लोकतंत्र को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों से बचाने के लिए ईमानदार और स्पष्ट इच्छाशक्ति के साथ नियमों को लागू करने की जरूरत है।

## दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्यों कम हो रही विद्यार्थियों की संख्या

कोविड महामारी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का निजी स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया था। इसकी वजह से बीते तीन अकादमिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या पंद्रह लाख से बढ़कर अठारह लाख के करीब पहुंच गई थी। लेकिन अब सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की तादाद तेजी से कम हो रही है तो क्या इससे यह पता नहीं चलता कि शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है कि लोग अपने बच्चों को वहीं पढ़ने दें? दिल्ली की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन का खूब प्रचार किया जाता है। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों को ही नहीं, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को भी यहां का शिक्षा माडल देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। दिल्ली सरकार इस सबका बढ़-चढ़ कर दिखावा भी करती है। लेकिन क्या वास्तव में यहां के स्कूलों में इतना बदलाव आया है कि उन्हें उदाहरण के तौर पर देखा जा सके? सरकार के दावों के उलट सूचना का अधिकार कानून यानी आरटीआइ से मिले आंकड़े इसका निराशाजनक जवाब देते हैं। इसके मुताबिक, राजधानी के सरकारी स्कूलों में मौजूदा सत्र के दौरान विद्यार्थियों की संख्या में तीस हजार तक की कमी दर्ज की गई है।

वर्ष 2022 में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की कुल संख्या जहां सत्रह लाख नवासी हजार तीन सौ पचासी थी, वहीं वर्ष 2023 में यह घटकर सत्रह लाख अठावन हजार नौ सौ छियासी रह गई। खास बात यह है कि उत्तर-पश्चिम और मध्य दिल्ली को छोड़ पूरे शहर के स्कूलों में विद्यार्थियों की कमी का रुझान एक जैसा है। सवाल यह है कि अगर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए नजीर है, तो फिर यहां बच्चों का स्कूलों से मोह भंग क्यों हो रहा है।


दिल्ली की 'आप' सरकार ने लगभग तीन दर्जन स्कूलों को 'डाक्टर बीआर आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस' का दर्जा दिया है। ये वे स्कूल हैं, जिनमें दिल्ली शिक्षा बोर्ड के तहत विशेष विषयों की पढ़ाई होती है और इनमें आधारभूत ढांचा और सुविधाएं भी अन्य स्कूलों के मुकाबले बेहतर कही जा सकती हैं। आप सरकार इन्हीं स्कूलों को देश-दुनिया के सामने रखकर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का दम भरती है। लेकिन क्या इतने भर से पूरे शहर की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के दावे को हकीकत मान लिया जाए?

कोविड महामारी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का निजी स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया था। इसकी वजह से बीते तीन अकादमिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या पंद्रह लाख से बढ़कर अठारह लाख के करीब पहुंच गई थी। लेकिन अब सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की तादाद तेजी से कम हो रही है तो क्या इससे यह पता नहीं चलता कि शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है कि लोग अपने बच्चों को वहीं पढ़ने दें? सच यह है कि कुछ को छोड़ दें तो अधिकांश स्कूलों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता के स्तर पर उच्च दर्जे के तौर पर पेश किया जाता है। लेकिन आखिर क्या कारण है कि खुद दिल्ली सरकार के अधिकारी, नेता, विधायक आदि अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए यहां के सरकारी स्कूलों को तरजीह नहीं देते। अब हालत यह है कि आम लोगों के बच्चों की तादाद भी इन स्कूलों में कम हो रही है। दिल्ली सरकार शिक्षा पर अपने बजट का बीस फीसद से अधिक खर्च करने और शिक्षकों को विदेशी संस्थानों से प्रशिक्षण दिलाने का दावा करती है। हकीकत यह है कि इस कवायद का असर स्कूल परिसरों में नहीं दिखता। अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों के पढ़ाने का रवैया पहले जैसा ही है। सरकार वास्तव में शिक्षा व्यवस्था का ढांचा बदलना और नौनिहालों का भविष्य संवारना चाहती है तो स्कूलों की बदहाली के जिम्मेदार कारकों की पहचान कर पूरी दिल्ली में उन्हें दूर करने की ईमानदार कोशिश करनी होगी। सरकार का बेतहाशा प्रचार तभी गले उतरे, जब शिक्षा में बदलाव का असर जमीन पर भी दिखाई दे।

# क्या राजनीतिक में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा ?



- ललित गर्ग-



देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है।

मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए हैं। 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स का मुद्दा उछाला था। बोफोर्स से जुड़े कांग्रेस नेताओं के नाम पर उन्होंने चुनाव जीता। नरसिंह राव की सरकार भी घोटालों के घिरी थी, जिसका फायदा बीजेपी समेत विपक्ष को मिला था। 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार कोयला घोटाले, 2जी और कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा के बीच चुनाव में गई थी, नतीजा कांग्रेस चुनाव हार गई। कांग्रेस ने भी लगातार नरेंद्र मोदी सरकार को घोटाले पर घेरने की कोशिश की, मगर ब्रांड मोदी के सामने उसे चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई। 2019 में कांग्रेस ने राफेल में करप्शन का मुद्दा उठाया। नोटबंदी में करप्शन के आरोप लगाए। अडानी और अंबानी के मुद्दे को चुनाव में उठाया, मगर मोदी मैजिक के सामने सारे वार फेल हो गए। 2024 से पहले कांग्रेस फिर अडानी और अंबानी के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे उलट इंडिया के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच चल रही है।

देश में आशावाद और सकारात्मकता का माहौल है, लोग जी20, चंद्रयान और अर्थव्यवस्था की सफलता का उत्सव मना रहा है, 2024 में एक बड़ी जीत के लिए आश्वस्त दिखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त करने की ठानी है तो यह समय आम मतदाता के जागरूक एवं सर्तक होने का भी है। राजनीति में सुधार चाहने वालों के लिए यह घर बैठने का समय नहीं है। राजनीति में नैतिकता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चुनाव सुधारों की कोरी बातें ही नहीं बल्कि उन पर अमल लाने की भी जरूरत है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी राजनीतिक पार्टियों की है कि वे ठोक-बजाकर उम्मीदवारों का चयन करें। चिंता इस बात की है कि जनता ही दागियों को वोट देकर सत्ता में लाती है। इसलिए प्रमुखतः राजनीति में स्वच्छता के लिए कदम उसे भी बढ़ाने होंगे। वर्ना मोदी का करिश्मा एवं जादू तो अपना असर दिखायेगा ही, क्योंकि उनके पास सत्य एवं नैतिकता का बल है। मोदी ने ही देश पर लगे गरीब होने के दंश को हटाने की सार्थक पहल की है, उन्हीं के शब्दों में लंबे वक्त तक, भारत की पहचान एक अरब से अधिक भूखे पेटों वाले देश के रूप में रही है, लेकिन अब, भारत को एक अरब से अधिक उम्मीदों से भरे दिमाग, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवाओं के देश के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी स्थितियों में मोदी के नाम पर मांगे जा रहे वोट उन्हें ऐतिहासिक जीत दे तो कोई आश्चर्य नहीं है।

# स्वच्छता समृद्धि का हेतु है



प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव 'परिचय दास'

नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालन्दा के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. रवींद्रनाथ श्रीवास्तव परिचयदास ने नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालंदा में चल रहे स्वच्छता-पखवाड़े के समापन तथा गांधी जी व शास्त्री जी की शुभ जयंती पर व्याख्यान देते हुए स्वच्छता को भक्ति-कर्म से जोड़ते हुए बताया कि स्वच्छता समृद्धि का हेतु तथा सांस्कृतिक रूप से आज के जीवन की उत्तरजीविता व संतुलन में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है !

श्री परिचय दास ने स्वच्छता को लोकसाहित्य व लोकगीतों से जोड़ते हुए बताया कि स्वच्छता का महत्त्ववर्धन किस तरह से हमारे लोक में पूर्व में ही रहा है। गाय के गोबर को लीप कर व चौका पूर कर ही सारे शुभ कार्य होते थे। यह हमारी स्वच्छता की आधारशिला है। यही लोककला व संस्कृति का आधार रही है। यह पूर्वजों से चलती आ रही परम्परा है।

इस तथ्य को उन्होंने लोकगीतों के माध्यम से गाकर समझाया – गाई के गोबर से अंगना लिपइबों रघुनंदन हरी। आवह्य हो कालिय मइया बैठह्य मोरे अँगने, देबों सतरंगिया बिछाय। गइया के गोबर से अंगना लिपइबों गज मोती चउका पुराय। गाय के गोबर से स्वच्छता व कलात्मकता की अवधारणा। परिचय दास ने अपने को स्वच्छ बताने वाले प्रभु वर्ग के द्वंद्व को कवि कबीर के दोहे से जोड़ते हुए मानव प्रवृत्ति के दुचित्तेपन से जोड़ते हुए कहा – %मन न रंगाये, रंगाये जोगी कपड़ा%। उन्होंने हृदय की स्वच्छता की तरफ हम सभी का आवश्यक ध्यान आकर्षित किया। साहिर लुधियानवी, राहत इंदौरी की शायरी, बांग्ला कवयित्री श्रेया सरकार, हिन्दी कवयित्री शुभम् श्री, कवि यश मालवीय, बुद्धिसेन शर्मा आदि की कविताओं से आंतरिक व बाह्य स्वच्छता की भावधारा को समकालीन शब्द दिये।

शुभम् श्री की कविता के माध्यम से लड़कियों की सेनेटरी पैड की तरफ ध्यान खींचते हुए उन्होंने बताया कि सेनेटरी पैड व मासिक धर्म को किस तरह स्वच्छता से परे माना जता रहा है। बाहरी स्वच्छता के साथ साथ वह हमारे मन के भीतर भी होनी चाहिए। जब तक हम आंतरिक रूप से स्वच्छ नहीं होंगे तब तक हम स्वच्छता के मूल बिन्दु तक नहीं पहुंच पाएँगे।

उन्होंने कहा कि हम सभी को बाह्य रूप से ही स्वच्छ न होकर मानसिक रूप से भी स्वच्छ होना होगा। हम सभी को इस दिवस विशेष पर ही साफ-सफाई नहीं करनी चाहिए अपितु व्यक्तिगत व सामाजिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का ध्यान रखना अतिआवश्यक है।

आधुनिकीकरण, नगरीकरण की प्रक्रिया, वायु, जल, थल प्रदूषण, चेतना में कमी, तकनीक का सही उपयोग नहीं होना, मनुष्य की बदलती सोच व दिनचर्या, प्रकृति के साथ सापेक्षिक लगाव की कमी आदि से अस्वच्छ्ता की समस्या लक्षित होती है। अमेरिका में लाखों कारें निष्प्रयोजित पड़ी हुई हैं। ध्यान नहीं दिया गया तो पूरी दुनिया कचरे के ढेर में तब्दील हो जायेगी।

परिचय दास ने कहा कि स्वच्छता- अभियान से स्वच्छता व अस्वच्छता की अवधारणा में ब्दलाव हुआ है। इसके कारण गाँव व शहर में स्वच्छता की चेतना, कानूनी प्रक्रिया, रोज़गार की वृद्धि हुई है। शौचालय की सामाजिक प्रतिष्ठा हुई है। वह अब सभ्यता का पैमाना बना है। स्वच्छ होना आचरण की संहिता है, स्वास्थ्य का आमंत्रण है।

## दादी,नानी का गांव

वह दादी,नानी का गांव
उस पर ममता की छांव

मेरे सपने हैं आंखों में उनके,
दौड़ मेरी पर दादी के पाव.

धड़कन मेरी कलेजा है, उनका
जख्म मेरे यह दादी के पांव ,

पतली पगडंडी जाती उन तक,
तुलसी का आंगन, अमिया की छांव ।

कल कल बहती नदिया उन तक,
पतवार मैं हूं, दादी है नाव।

अन्न के दाने हैं हाथों में उनके,
चिड़ियों का डेरा और कागा की कांव।

अल्लाह, ईश्वर सब एक समान,,
सारे तीरथ दादी,नानी के पॉव।

मन है निर्मल गंगा सा उनका,
पतवार में हूं नानी है नाव।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारत-अमेरिका रिश्तों में बेहतरीन केमिस्ट्री



भारत-अमेरिका एक दूसरे को बहुत योग्य इष्टम और बेहतरीन साझेदार के रूप में देखते हैं

बदलते वैश्विक परिपेक्ष में भारत अमेरिका एक दूसरे की ज़रुरत है – दोनों का साथ एक और एक ग्यारह की बात होना तय – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर जिस तेजी के साथ माहौल बदल रहा है, गरीब देश विकासशील और विकासशील देश विकसित देश की श्रेणी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, सफलताओं के नए-नए आयामों को अंजाम दे रहे हैं, अविश्वसनीय सफलताएं अर्जित कर रहे हैं, वैश्विक मंचों पर दमदार रोबदार स्थान प्राप्त कर रहे हैं, ग्लोबल साउथ जैसे मंचों पर जिस तरह काम कर रहे हैं, उससे अब कहा जा सकता है कि इन देशों की योग्यता को कम आकलन करना मुनासिब नहीं होगा, इसका उदाहरण अफ्रीकी संघ का जी20 में शामिल होना, भारत का चंद्रयान-3, सूर्ययान इत्यादि में सफलताएं और जी-20 में दिल्ली घोषणा पत्र के रूप में उपलब्धि इनमें सबसे ताज़ा उदाहरण हैं जो यहसिद्ध करता है कि आज हर देश को एक दूसरे का साथ लेना समय की जरूरत बन गया है। रणनीतिक साझेदारी,फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और कूटनीति आयात निर्यात नीति से विकास की उड़ान में मजबूत पंख लग जाते हैं, जिससे आपसी तालमेल में हर देश का विकास होता है,जिसका परिणाम मजबूत अर्थव्यवस्था बन जाती है और आम नागरिकों का जीवन स्तर खुशहाली में परिवर्तन होने लगता है जिससे वह देश विकसित राष्ट्र बनाकर दुनियां के सामने खड़ा होकरअन्य राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण और प्रेरणा बनकर उभरता है। भारत भी इसी प्रकार की नीति पर चल पड़ा है जिससे अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात चल रही है, जिसमें सबसे बढ़ी रणनीतिक साझेदारी अमेरिका से बनकर उभरी है, उसपर भी सोने पर सुहागा भारतिया पीएम की ऑफिशियल अमेरिका यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति की जी20 में भारत यात्रा और अब भारतीय विदेशमंत्री की 22 सितंबर 2023 से 10 दिन की अमेरिका यात्रा जहां 26 सितंबर 2023 को यूएनएससी के 78 वें सत्र को संबोधित किया,और 27 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिका विदेशमंत्री सहित प्रमुख लोगों से बातचीत की है जिससे भारतअमेरिका रिश्तों की एक बेहतरीन केमिस्ट्री उभर करसामने आ रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बदलते वैश्विक परिपेक्ष में भारत अमेरिका एक दूसरे की जरूरत है, दोनों का साथ एक और एकग्यारह की बात होना तय है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी दौरे पर भारतीय विदेश मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो,उन्होंने कहा दोनों देशों के बीच अच्छी केमिस्ट्री है।हर तरह से यह रिश्ता अपेक्षाओं से बढ़कर रहा है। इसे परिभाषित करना अब मुश्किल हो गया है। अब भारत अमेरिका के रिश्ते चंद्रयान की तरह नई ऊंचाइयों तक जाएंगे।उन्होंने ये बात वॉशिंगटन के इंडिया हाउस में सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंजशिप कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कही। नए भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, वो भारत जिसने चंद्रयान मिशन सक्सेसफुल किया, जी-20 समिट के दौरान 20 देशों को एक टेबल पर लाया और उसे भीसक्सेसफुल बनाया। आज जो भारत आप सब देख रहे हो इसे बनने में 12 साल की मेहनत लगी है।जियो पॉलिटिकल सिचुएशन के वजह से भारत और अमेरिका एक दूसरे को सबसे अच्छे और भरोसेमंद साथी के तरह देखते हैं। विदेश मंत्री ने भारतीय समयानुसार 12 सितंबरको देररातअमेरिका के विदेश मंत्री के साथ मीटिंग के वक्त खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया था। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की।अधिकारी ने बताया, विदेश मंत्री ने भारत सरकार से मामले की जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। भारतीय विदेश मंत्री का कहना है कि दोनों देशों के रिश्तों को परिभाषित करना मुश्किल है। उन्होंने कहा-लगातार बदलते वैश्विक माहौल में भरोसेमंद पार्टनर मिलना आसान नहीं है। लेकिन अमेरिका और भारत के रिश्ते इनसे परे हैं।

साथियों बात अगर हम विदेश मंत्री द्वारा अपने अमेरिकी दौरों के जिक्र करने की करें तो, उन्होंने कलर्स ऑफ इंडिया इवेंट में बताया कि वह किन-किन प्रमुख मौकों पर अमेरिका में मौजूद रहे हैं, लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1985 की अमेरिका यात्रा याद है, उस वक्त मैं यहीं था।लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की 2005 की यात्रा भी याद है, जब परमाणु समझौता हुआ था। उस वक्त भी मैं यहीं था। उन्होंने बताया कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा भी याद है, लेकिन मैं इस यात्रा को लेकर कहना चाहता हूं कि ये बेहद अलग थी। अगर आप मुझसे पूछेंगे कि इस यात्रा से क्या बदला है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले भारत-अमेरिका को एक-दूसरे से निपटना पड़ता था, मगर अब वे एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम विदेश मंत्री द्वारा भारत अमेरिका रिश्तों के जिक्र की करें तो, उन्होंने कहा कि सच में आज मेरे लिए इस पर कोई सीमा लगाना या इसे परिभाषित करना, यहां तक कि इसे लेकर अपेक्षाओंको व्यक्त करना भीकठिन लगता है।आज हर तरह से ये रिश्ता उम्मीदों से कहीं बढ़कर है। यही वजह है कि आज हम इसे परिभाषित करने का प्रयास भी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में हमने अपने रिश्ते के स्तर को ऊपर उठाया है।

अब हम नए डोमेन ढूंढ़ते रहते हैं, जिन पर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका उस स्थिति में आ गए हैं, जहां हम एक-दूसरे को बहुत योग्य, इष्टम और बेहतरीन साझेदार के तौर पर देखते हैं। यही वजह है कि आज हमें जो बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिलता है, वो मुझे भारतअमेरिका के रिश्ते को लेकर आशा देती है कि आगे कैसी संभावनाएं रहने वाली हैं।उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का रिश्ता उम्मीदों से कहीं बढ़कर है। यही वजह है कि अब इस रिश्ते को बताने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। पिछले कुछ सालों में अमेरिका और भारत की दोस्ती बढ़ती गई है। दोनों देश सुरक्षा समेत कई सारे मुद्दों पर एक साथ आए हैं। यही वजह है कि आज हमें जो बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिलता है, वो मुझे भारत-अमेरिका के रिश्ते को लेकर आशा देती है कि आगे कैसी संभावनाएं रहने वाली हैं।

साथियों बात अगर हम भारत कनाडा विवाद पर अमेरिका के रुख की करें तो, भारत-कनाडा विवाद पर अब तक अमेरिका का रुख 18 सितंबर को कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपनी संसद में खालिस्तानी नेता निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था। इसके बाद अमेरिका ने कहा था कि वो दोनों पक्षों के संपर्क में हैं। मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।इसके बाद 22 सितंबर को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर ने व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा कि वह इस हत्या के मामले में भारत के खिलाफ जांच में कनाडा के प्रयासों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी देश हो, इस तरह के कामों के लिए किसी को भी स्पेशल छूट नहीं मिलेगी।इसी दिन अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा था कि संयुक्त राज्य अमेरिका हत्या पर जवाबदेही चाहता है।

## शार्ट न्यूज

### मानसून सत्र की सबसे बेहतर बारिश से किसानों के खिले चेहरे

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही सहित पूर्वांचल के कई जिलों में मंगलवार सुबह से शुरू हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। उमस भरी गर्मी के बीच बारिश से मौसम सुहावना हो गया। मानसून सत्र कि इस वर्ष की बारिश ने किसानों के घाव पर सिर्फ मरहम लगाने का काम किया है। हल्की-फुल्की बारिश के बीच निजी संसाधनों से युक्त किसानों ने तो धान की नर्सरी तैयार कर खेत में रोपाइ की, लेकिन संसाधन विहीन किसानों के खेत जो कभी फसलों से लहलहाते थे आज उनमें न तो धान रोपा जा सका और न ही खरीफ की अन्य फसलों की बुवाई की जा सकी। आज सुबह से शुरू हुई बारिश लगभग दिन भर चलती रही। बेहतर बारिश के कारण जहां मौसम खुशगवार हो गया, वहीं सूख रही धान की फसल को बारिश से संजीवनी मिली है। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर सर्वेश बरनवाल ने बताया कि भदोही जिले में प्रतिवर्ष औसतन 936 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए, जबकि इस मौसम सत्र में अभी तक मात्र 560 मिलीमीटर बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि इस मानसून सत्र की सबसे अच्छी बारिश आज हुई और लगभग 56 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इस बारिश से धान के किसानों को काफी राहत मिलेगी।

### अमरोहा में छात्र की चाकू मारकर हत्या

अमरोहा । उत्तर प्रदेश के अमरोहा में सोमवार रात चाकू से गोदकर छात्र की हत्या की घटना सामने आयी है। हत्यारा घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अंजलि कटारिया ने मंगलवार को बताया कि थाना नौगावां सादात क्षेत्र के मौहल्ला अलीनगर में रियाजुल हसन का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटे और तीन बेटियां हैं। जिनमें सबसे बड़ा बेटा मोहम्मद अली (21) 11 वीं कक्षा का छात्र था। पीड़ित परिजनों द्वारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक कल रात मोहम्मद अली फोन काल सुनने के बाद नई बस्ती स्थित मोबाइल दुकान पर चला गया जहां उसकी दुकानदार अमीर आज़म से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के दौरान अमीर आज़म ने मोहम्मद अली के पेट में चाकू घोंपकर उसे घायल कर दिया। जिससे मोहम्मद अली ज़मीन पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मोहम्मद अली को घायलावस्था में इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक छात्र के चाचा सिकंदर आलम की तहरीर पर अमीर आलम और कौकब के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### खंड विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने पर एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी से अभद्रता और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामलाद दर्ज करते हुए मंगलवार को एक आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र के बइसरी निवासी रमेश तिवारी और मनोज तिवारी के खिलाफ सोमवार शाम क्षेत्र के बेरुआरबारी खंड विकास अधिकारी संजय कुमार की तहरीर पर भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धारा 332, 352, 323, 504, 506 तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपी मनोज तिवारी को गिरफ्तार कर उसे आज जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस को दी गई तहरीर में खंड विकास अधिकारी ने आरोप लगाया है कि कल वह कर्मचारीयों के साथ मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलशयात्रा लेकर क्षेत्र के बइसरी गांव गए थे। तभी दोनों आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों के प्रयोग, जान से मारने की धमकी देने के साथ ही कर्मियों सहित खंड विकास अधिकारी से मारपीट की।

### अमरोहा में धूं-धूं कर जला गरीब का आशियाना

अमरोहा । अमरोहा के मंडी धनौरा थाना इलाके में बीती रात एक गरीब के आशियाने में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें देख गांव में भी अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग नही बुझ सकी और कुछ ही देर में गरीब का आशियाना जलकर राख हो गया। पीड़ित ने अज्ञात पर आग लगाने का आरोप लगाया है। यह घटना मंडी धनौरा थाना इलाके के गांव आजमपुर की है। यहां तस्लीम का परिवार झप्परनुमा मकान में रहकर अपनी गुजर बसर करता है। लेकिन सोमवार की रात तस्लीम के घर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख घर के लोग बाहर निकले और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग नही बुझ सकी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगती देख गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

### पोस्टमॉर्टम हाउस से शव के दोनों पैर गायब

**कानपुर।** कानपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां हैलट अस्पताल में भर्ती युवक की मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टरों ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। यहां से शव के दोनों पैर ही गायब हो गए। मंगलवार सुबह शव लेने घरवाले पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे, तो पैर गायब देखकर भड़क गए। इसके बाद उन्होंने हंगामा कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने मेरे बेटे के दोनों पैर गायब कर दिए। मांगने पर मृतक के पिता और नाबालिग भतीजे को बंधक बना लिया। सादे कागज में अंगूठा लगवा दिया। इस मसले पर CMO डॉ. NC त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इसमें जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संजय नगर कैंट निवासी रिक्शा चालक जगदीश यादव का बेटा हर्ष यादव (18) सोमवार रात चुंगी क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गया था। उसके दोनों पैर कट गए थे। सूचना पर घरवाले मौके पर पहुंचे।

### तालाब के जलभराव से ग्रामीण परेशान

शामली। शामली जनपद की कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव कंडेला में तालाब के जलभराव से पूरे गाँव निवासी हुए परेशान। ग्रामीणों ने जल भराव से प्रभावित मकान पर यह घर बिकाय लिखा तो वही ग्रामीण बच्चों का स्कूल जाना बंद करा दिया है।अब वहीं जहां पूरे गांव का संपर्क मुख्यलय टूट गया है वही जिला अधिकारी तत्काल जांच के बाद पानी की निकासी किया आदेश की बात कह रहे हैं। शामली जनपद के कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव कंडेल का है।जहां पर सालों से तालाब की निकासी न होने के चलते अब जल भराव की समस्या स समस्त ग्रामीण जूझ रहे है जिसे चलते छात्र छात्राओं की पढ़ाई भी बधित हो रही है। पूरे गाँव से मुख्य मार्ग ओर जाने और अन्य किसी भी काम के लिये गाव से बाहर जाने का एक मात्र रास्ता है।पूरे गाव कंडेला से इस समस्या से तंग आकर करीब सौ परिवारों ने मकानों पर बिकाऊ भी लिख दिया है। 3 महीनों से जान जीवन जीने को मजबूर लोगों की समस्या का समाधान अभी तक नहीं निकला है।

### आगरा में बाइक चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

आगरा। आगरा पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा है। गिरोह में तीन सदस्य बाइक फाइनेंस करने का काम करते हैं। इसके अलावा वो अपने साथियों के साथ बाइक भी चुराते थे। गैंग के सदस्योंने बताया कि ये ज्यादातर स्प्लेंडर बाइक ही चुराते थे, क्योंकि इस बाइक का लॉक जल्दी टूट जाता है और स्टार्ट भी चलती हो जाती थी। पुलिस ने पांच आरोपियों के पास से पांच बाइक भी बरामद की हैं। डीसीपी सूरज राय ने बताया कि न्यू आगरा पुलिस को चोरी की बाइक बेचने वाले एक गैंग के बारे में पता चला था। पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को पकड़ा। इसमें सूरज, समीर और सोनू फाइनेंस का काम करते हैं। ये लोग लोन न चुकाने वाली बाइकों को उठाते हैं। इन्होंने बताया कि आगरा के बाहर दूसरे शहरों में बाइक चोरी करते हैं। फाइनेंस का काम करने के कारण लोगों को इन पर शक नहीं होता था। चोरी की बाइकों को सूरज और चंद्र प्रकाश बिकवाते हैं। ये लोग सात से लेकर 11 हजार रुपए में बाइक बेच देते थे। जो रुपए मिलते थे, उसे आपस में बांट लेते थे। सूरज उर्फ सोनू पर फतेहपुर सीकरी में लूट, चोरी सहित गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हैं।

# बिना विलंब किए हो पीड़ित की मदद : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया हिदायत कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार



सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए।

समस्या लेकर सीएम से मिलने पहुंचे लोगों को भरोसे का आत्मीय संबल मिला। इत्मीनान से सबकी बात सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

### जमीन कब्जे के मामलों को सख्ती से निबटाएं

कुछ प्रकरणों पर उन्होंने मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों से आत्मीयता लपूर्वक बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा

मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला भी पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश को दुलारा और उनकी सेवा की। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से गोवंश को गुड़-पूड़ी खिलाया और गोशाला के स्वयंसेवकों को जरूरी निर्देश दिए।

# ललितपुर में युवक ने जहर पीकर की आत्महत्या

परिजन बोले- फसल खराब होने से परेशान था, काफी कर्ज भी ले रखा था

ललितपुर। ललितपुर में एक युवक ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि युवक फसल खराब होने व खर्च के चलते परेशान था। इसलिए उसने सुसाइड कर लिया।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना बार के ग्राम परोन निवासी 30 वर्षीय अशोक अहिरवार पुत्र दरूआ उर्फ बाबूलाल ने सोमवार की शाम जहर पी लिया था। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई थी।

गांवों वालों ने उसे उपचार के लिए कस्बा बार स्थित अस्पताल में भर्ती गया था। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उपचार के लिए उसे ललितपुर रेफर कर दिया था। देर रात उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मंगलवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है

मृतक के बड़े भाई ने बताया कि अशोक चार भाई एक बहन में सबसे छोटा था। उसके एक पुत्र एक पुत्री है। वह खेती किसानी करता था। उसने पांच एकड़ जमीन किराए पर खेती के लिए ली थी लेकिन बारिश के चलते उसकी फसल खराब हो गई।

इसके अलावा उसकी पत्नी का ऑपरेशन कुछ महीने पहले हुआ था। ऑपरेशन के लिए भी उसने उधार पैसे लिए थे। जिसके चलते अशोक परेशान था। उसी कारण उसने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर ने बताया कि युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# लेंटर गिरने से पूर्व प्रधान की बेटी की मौत

शाहजहांपुर में हुआ हादसा, पत्नी और बेटा घायल, कमरे में बेड पर सो रहे थे तीनों

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में लेंटर गिरने से पूर्व प्रधान की दो साल की बेटी की मौत हो गई। पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को मलबे से निकालकर राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां दो साल की बच्ची को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मां और बेटे का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।

थाना निगोही क्षेत्र के गांव हरपरा निवासी पूर्व प्रधान राधेश्याम यादव की पत्नी मालति, 19 साल का बेटा सूचित और पांच साल की बेटी प्रतिभा कमरे के अंदर बेड पर सो रहे थे। राधेश्याम कमरे के बाहर लेटे थे। अचानक भरभराकर कमरे का लेंटर गिर गया। लेंटर के मलबे में बेड पर लेटे मां बेटा और बेटी दब गए। तेज आवाज होने पर पूर्व प्रधान की चीखपुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मलबे में दबे लोगों को सीएचसी पर इलाज के लिए भेजा। जहां डाक्टर ने प्रतिभा को मृतक घोषित कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मालति और बेटे सूचित को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पूर्व प्रधान ने बताया कि वर्ष 2005 में कमरे का लेंटर डलवाया था। लेंटर की हालत ठीक थी। आखिर हादसा कैसे हो गया। कुछ कहे नहीं सकते। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही स्थानीय पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा पूर्व प्रधान के घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

### बुजुर्ग ने किया किशारी के साथ दुष्कर्म

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ बुजुर्ग कथित जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यह घटना मरका थाना क्षेत्र के मऊ गांव के एक डेरा में कल तब हुई जब प्रतिदिन की भांति 11 वर्षीया किशोरी आरोपी 80 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण बिहारी त्रिपाठी के यहां दूध लेने गई थी। आरोपी ने उसे अकेले पाकर दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख सुनकर एकत्र पड़ोसियों को देख आरोपी मौके से फरार हो गया। सिंह ने बताया कि घटना का अभियोग पंजीकृत कर पीड़िता को डॉक्टरी जांच के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना की विस्तृत विवेचना शुरू की गई है और जांच के बाद विवेचना में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा में जीजा-साले को मारी गोली

## पड़ोसी दरवाजे पर पत्थर फेंकता था, शिकायत करने गए तो झोंके फायर

**आगरा।** आगरा में मामूली विवाद में 2 लोगों को गोली मार दी। पथराव भी किया गया। दरअसल, एक शख्स कॉलोनी के कई घरों पर पत्थर फेंकता था। एक दिन पड़ोसी अनिल ने पत्थर फेंकते हुए पुष्पेंद्र का वीडियो बना लिया। इसके बाद कॉलोनी के लोगों संग शिकायत करने के लिए उसके घर पहुंचा। लेकिन आरोपी उल्टा उन्हीं पर बरस पड़ा।

आरोपी के साथ उसके कुछ साथी भी थे। पहले अनिल और कॉलोनी के लोगों पर पत्थर फेंके गए। फिर तमंचा से गोलियां चला दी गई। घटना में अनिल और उसके साले को गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद वहां भगदड़ मच गई। लोगों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। मामला ट्रांस यमुना इलाके के नगला रामबल का है।

एसीपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नगला रामबल के सुमित नगर में



अनिल अपने परिवार के साथ रहते हैं। अनिल के घर पर रोजाना कोई पत्थर फेंकता था। ऐसे में उन्हें पास में रहने वाले पुष्पेंद्र पर शक था। सोमवार को अनिल ने पुष्पेंद्र को पत्थर फेंकते हुए देख लिया। उसका वीडियो भी बना लिया।

### पड़ोसी के सिर में लगे छर्रे

मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अनिल अपने साले संतोष को लेकर पुष्पेंद्र के घर पर शिकायत करने गए थे। इसको लेकर पुष्पेंद्र और उसके घर वाले आग बबूला हो गए। अनिल के साथ विवाद हो गया। विवाद में पुष्पेंद्र पक्ष की ओर से तमंचे से फायरिंग कर दी गई। इसमें अनिल के सिर में गोली लगी है। उसके साले संतोष को भी छर्रे लगे है। वहीं पास में खड़े एक पड़ोसी को भी चोट आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि पुष्पेंद्र और उसके भाई मुकेंद्र ने फायरिंग की है।

### फायरिंग के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल

फायरिंग के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गय। आरोपी भाग निकले। अनिल की पत्नी का आरोप है कि पुष्पेंद्र, मुकेंद्र और राजवीर ने मारपीट की। फायरिंग की। उसने बताया कि सभी लोग सालों से यहां रह रहे हैं।

ये लोग मूल रूप से एटा के रहने वाले हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। एक घायल को लोटस और दूसरे को अमरनाथ हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है।

# अतीक के बेटों की कस्टडी पर 10 अक्टूबर को सुनवाई

## अतीक की बहन ने मांगी है कस्टडी, बोलीं-विदेश पढ़ना चाहते हैं बच्चे

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के दो नाबालिग बच्चों के कस्टडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई हुई। ये याचिका अतीक अहमद की बहन शाहीन अहमद ने दायर की है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से प्रयागराज भेजे गए विशेषज्ञ ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बच्चे सुधार गृह में नहीं रहना चाहते हैं। वो बाहर आना चाहते है। अब इस केस की सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से कहा है कि वो एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट पर नए सिरे से विचार करके 1 हफ्ते में आदेश पास करे। सुप्रीम कोर्ट अब अगले मंगलवार को सुनवाई करेगा। हालांकि इससे पहले बीते 28 अगस्त को इस मामले की सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल की गई थी। इसके वकील केसी जॉर्ज ने अदालत को सौंपा था।

अतीक अहमद के बेटे फिलहाल



प्रयागराज स्थित बाल सुधार गृह में हैं। अतीक की बहन शाहीन अहमद ने बच्चों की कस्टडी की मांग किया है। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। वहीं बंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट के बाद यूपी सरकार और अतीक अहमद की बहन को जवाब देने के लिए कहा था।

### पढ़ने में अच्छे थे बच्चे

कोर्ट में शाहीन अहमद द्वारा दायर याचिका में उन्होंने कोर्ट को बताया गया था कि बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ने जाते थे। दोनों बच्चे अच्छी अंग्रेजी बोलते हैं। दोनों बच्चे राज्य से बाहर जाना चाहता हैं। उनको अपने आस-पास के हालात के बारे में पता है। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद शाहीन अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से बच्चों की कस्टडी दिए जाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### 15 अप्रैल को हुई थी अतीक की हत्या

गौरतलब है कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या इसी साल 15 अप्रैल को प्रयागराज में गोली मारकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड के तीनों आरोपियों को घटना स्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

तीनों ही आरोपी अभी जेल में हैं। बता दें कि अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल और अशरफ अहमद को बरेली जेल से प्रयागराज लाया गया था।

### जौनपुर से 42 पुलिस निरीक्षकों का गैर जनपद हुआ तबादला

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया ने अगले साल में होने वाले लोकसभा के चुनाव के मद्देनजर परिक्षेत्र के तीन जिलों जौनपुर, गाजीपुर और चंदौली से कल 90 निरीक्षकों का तबादला किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार स्थानांतरित 90 पुलिस निरीक्षकों में से 42 निरीक्षक जौनपुर से, 35 निरीक्षक गाजीपुर से और 13 निरीक्षक चंदौली भेजे गए हैं। जौनपुर जिले के स्थानांतरित 42 निरीक्षकों में से 18 निरीक्षक गाजीपुर है 24 चंदौली भेजे गए हैं। इसी तरह गाजीपुर के 35 निरीक्षकों में से 26 जौनपुर व 09 चंदौली भेजे गए हैं, इसके साथ ही चंदौली से 13 निरीक्षकों में से 08 जौनपुर और 05 गाज़ीपुर के लिए स्थानांतरित किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी पर क्षेत्र श्री चौरसिया द्वारा जारी आदेश के क्रम में जौनपुर जिले से स्थानांतरित 42 निरीक्षकों में से 11 थानों के प्रभारी क्रमशः कोतवाली, शाहगंज, खुटहन, बदलापुर, सुजानगंज, जफराबाद, महाराजगंज ,मडियाहू ,लाइन बाजार और सराय ख्वाजा शामिल है।

# इटावा में डंपर में लगी आग, चालक जिंदा जला

इटावा। इटावा में हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर में तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे डंपर अनियंत्रित होकर दुर्गा ढाबे में घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में मौजूद चालक परिचालक उसमें फंस गए।

टक्कर लगने के तुरंत बाद ही अचानक डंपर में आग लग गई। जिससे चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद परिचालक को बाहर निकाला। पुलिस ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर परिचालक के उपचार में जुटे हुए हैं। घटना आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे-2 की घटना बताई जा रही है।

### हादसे में डंपर में अचानक से भीषण आग लग गई

पुलिस और दमकल राहत कार्य में जुटे हुए हैं। चालक का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। बता दें मंगलवार दोपहर नेशनल हाईवे-2 पर आगरा की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर में भिड़ गया। इसके बाद हाईवे पर स्थित दुर्गा ढाबे के अंदर डंपर घुस गया। इस हादसे में डंपर में अचानक से भीषण आग लग गई। चालक बसंत पुत्र शेषपाल सिंह निवासी पुरखेड़ा भधान थाना एका जिला फिरोजाबाद और उसका छोटा भाई परिचालक आमोद डंपर के चेचिस में फंस गए।

### पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर राहत बचाव कार्य शुरू किया

भीषण आग में चालक बसंत जिंदा जल गया। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने परिचालक को कड़ी मशक्कत के बाद डंपर से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची जसवंत नगर थाना पुलिस ने परिचालक आमोद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। घटनास्थल पर पहुंची दमकल में डंपर में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर राहत बचाव कार्य शुरू किया।

घायल परिचालक आमोद ने बताया डंपर चालक मेरा बड़ा भाई है जो कि इस हादसे में डंपर में जलकर खत्म हो गया।

जिस वक्त यह हादसा हुआ तब वह सोया हुआ था। घटना कैसे हुई इस बात की उसकी जानकारी नहीं है।

# हापुड़ कैंट में फंदे पर लटके मिले मां-बेटी के शव

**हापुड़।** हापुड़ में एक घर में मां बेटी के शव फंदे पर लटके मिले। पत्नी का फोन रिसीव न होने पर पति पहुंचा तो घर का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई रिस्पांस न आने पर खिड़की से झांककर देखा तो अंदर कमरे में पत्नी और बेटी का शव अलग-अलग कमरों में लटक रहा था। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पूरा मामला बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कैंट एरिया का है। बताया जाता है कि हरियाणा के भिवानी निवासी रवि बाबूगढ़ कैंट डिपो में घोड़ों को दाना डालने का काम करता है। वह डिपा के अंदर अपनी पत्नी सोनू (34) और 4 वर्षीय पुत्री कृतिका के साथ रहता है। मंगलवार सुबह वह ड्यूटी पर गया था। पत्नी द्वारा फोन न उठाने पर वह दोपहर के समय करीब घर पहुंचा था। इस दौरान बाहर से दरवाजा बंद था। खटखटाने पर कोई रिस्पांस न आने पर उसने रोशनदान से झांककर देखा तो एक कमरे में कृतिका और दूसरे कमरे में उसकी पत्नी सोनू फांसी के फंदे पर झूली हुई थी।

ये देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने सैन्य अधिकारियों और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा और शवों को नीचे उतारा। फिलहाल कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है।

### लापता बच्चे की डेडबॉडी खेत में मिली

मुरादाबाद। मुरादाबाद में 8 साल के एक बच्चे की नृशंसता से हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद हत्यारों ने शव जंगल में फेंक दिया। पहली कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा 3 दिन से लापता था। परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के सिडलऊ नजरपुर मिलक गांव की है। भोजपुर के सिडलऊ नजरपुर मिलक निवासी मोहम्मद यूसुफ मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी कौशर जहां, तीन बेटे सईदुल हसन, सुबहान और रजा है। मोहम्मद यूसुफ का सबसे छोटा बेटा मोहम्मद रजा पहली कक्षा में पढ़ता था। शनिवार दोपहर बाद गांव में ही कबड्डी का खेल देखने गया था। एक खिलाड़ी अमानत को चोट लगने का कारण मैच बंद हो गया था।

# संभल में गला घोंटकर महिला की हत्या

## अर्धनग्न हालत में मिला शव, रेप की भी आशंका

एजेंसी

संभल। संभल में एक 26 साल की महिला की अर्धनग्न लाश जंगल के बीच बाजरे के खेत में मिली। महिला के दुपट्टे से ही गला घोंटकर उसे मारा गया था।

परिजनों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि महिला सुबह अचानक गायब हो गई थी। परिवार के लोग उसे खोज रहे थे, तभी शाम को उसकी लाश घर से थोड़ी दूरी पर खेत में पड़ी मिली। भाई रोता हुआ बहन की लाश गोद में उठाकर घर लेकर लाया।

अर्धनग्न हालत में लाश मिलने की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। परिजनों से पूछताछ के बाद घटनास्थल को सील कर दिया गया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वारदात कोतवाली बहजोई क्षेत्र के एक गांव की है।

घटना पर पीड़िता के भाई ने बताया, हम लोग सुबह अपने खेत में धान काटने गए थे। लौटकर आए तो बहन के साथ चाय पी। उसके बाद फिर खेत में धान काटने चले गए। दोपहर को जब हम लोग लौटे तो बहन घर में नहीं थी।

उस समय लगा किसी के घर गई होगी। थोड़ी देर में लौट आएगी, लेकिन वो शाम तक नहीं आई तो आसपास के लोगों से पूछा गया। लेकिन पता नहीं चला।

पीड़िता की मां ने बताया, जब बिटिया का कोई पता नहीं चला तो हम लोग उसे खोजते हुए खेतों की तरफ निकले। तभी पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहे कुछ युवकों ने बेटी की लाश बाजरे के खेत में पड़ी देखी। उसकी कमर के नीचे के कपड़े गायब थे। उसके ही दुपट्टे से उसका गला कसा गया था। ये मंजर देखकर लोगों ने हम लोगों को सूचना दी।

पूरा गांव मौके पर इकट्ठा हो गया। बेटे ने अपनी बहन पर कपड़ा डाला और रोते हुए उसकी लाश को गोद में उठाकर घर लाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# शार्ट न्यूज

## हूंडई वेरना को मिली 5 स्टार रेटिंग

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुये आज कहा कि उसके सभी मॉडल और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में 6 एयरबैग मिलेंगे और उसके प्रयासों के प्रमाण के रूप में ह्यूंडई वेरना को ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से व्यस्क एवं बच्चे की सुरक्षा के मामले में 5 स्टार रेटिंग मिली है। कंपनी ने आज यहां भारत के लिए एक सुरक्षित रोडमैप की दिशा में काम करते हुए 3 मॉडलों के साथ बीएनसीएपी में स्वैच्छिक रूप से हिस्सा लेने का ऐलान किया। आगे अन्य मॉडल को भी इसमें लाया जाएगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, ह्यूंडई में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचरों के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में छह एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त जीएनसीएपी की तरफ से ह्यूंडई वेरना को व्यस्क और बच्चे की सुरक्षा के लिए मिले 5 स्टार रेटिंग के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है। हम केवल स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर ही नहीं, बल्कि सेफ मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर भी हैं।

## देश में इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी फोन बिकेंगे

नयी दिल्ली। देश में तेजी से 5 जी सेवाओं की पहुंच बढ़ने से इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी स्मार्टफोन बिकने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इस सेवा के लिए लोग प्रीमियम भुगतान करने को भी तैयार हैं। एरिक्सन ने आज 5जी वैल्यूटर्निंग परफॉर्मेंस शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। अध्ययन के अनुसार 2023 में तकनीकी और सामर्थ्य के आधार पर 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5 जी फोन अपग्रेड कर सकते हैं। भारत में 5जी उपयोगकर्ता एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसे ऐप के साथ अपने दैनिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। वीडियो कॉलिंग सेवाएँ, मोबाइल गेमिंग और संवर्धित सेवाओं का उपयोग करते हैं। वे औसतन दो घंटे इंटरनेट पर बिताते हैं। अमेरिका जैसे अन्य देशों में आरंभिक 5जी अपनाने वाले बाज़ारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में भारत में प्रति सप्ताह इन सेवाओं का उपयोग करने वाले अधिक लोग है। इसके अलावा भारत का 5जी संतुष्टि स्तर और अनुमानित 5जी उपलब्धता शुरुआती स्तर से मेल खाती है या उससे आगे निकल गई है। रिपोर्ट को जारी करते हुये एरिक्सन कंज्यूमर लैब के प्रमुख जसमीत सिंह सेठी ने कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 5जी उपभोक्ताओं में से लगभग 39 प्रतिशत लोगों ने माना कि 5 जी योजनाओं के डेटा के लिए प्रीमियम दर से भुगतान किया जा सकता है।

## इस वर्ष भारत की आर्थिक-वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी, निवेश, उपभोग मजबूत: विश्व बैंक

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के राजकोषीय प्रबंध और महंगाई पर अंकुश लगाने की नीतियों की तारीफ करते हुए मंगलवार को अनुमान जताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 2022-23 में भारत के जीडीपी की वृद्धि 7.2 प्रतिशत थी और देश विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था था। भारत के बारे में विश्व बैंक की यहां जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट-अक्टूबर 2023' (भारत की परिस्थितियों की ताजा रिपोर्ट) शीर्षक रिपोर्ट में व्यक्त यह अनुमान छह माह पहले के उसके अनुमान के बराबर है। रिपोर्ट में भारत में उपभोग और निवेश की मांग की स्थिति को मजबूत बताते हुए अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत तक जा सकती है। बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले समय में मुद्रास्फीति का दबाव और कम होगा तथा यह भारत रिजर्व बैंक के लिए आसान माने जाने वाले 2-6 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 4.7 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## खाद्य तेल सस्ता

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए। तेल-तिलहन :वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 3640 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की बढ़त के साथ 57.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल 147 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे। अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## देश का कोयला उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 67.21 मिट्रिक टन हुआ

नई दिल्ली। देश का कोयला उत्पादन सितंबर में 15.81 प्रतिशत बढ़कर 67.21 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 58.04 करोड़ टन था। कोयला मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में सितंबर तक कुल कोयला उत्पादन 12.06 प्रतिशत बढ़कर 428.25 मिट्रिक टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 382.16 मिट्रिक टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन सितंबर में बढ़कर 51.44 मिट्रिक टन हो गया, जो एक साल पहले 45.67 मिट्रिक टन था। इसके अलावा कोयले की ढुलाई बढ़कर 70.33 मिट्रिक टन हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष के सितंबर में 61.10 मिट्रिक टन थी। मंत्रालय ने कहा कि कोयला क्षेत्र में अभूतपूर्व तेजी देखी गई, जिसमें उत्पादन, प्रेषण और स्टॉक का स्तर उल्लेखनीय ऊंचाइयों तक पहुंच गया। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वह लगातार कोयला उत्पादन और प्रेषण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को बाजार में ओपनिंग भी लाल निशान पर ही हुई थी। कारोबार के दौरान बाजार के दोनों इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधे फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। आज के ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स में 316.31 प्वाइंट या फिर 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## देश के निर्माण क्षेत्र की गतिविधि सितंबर में पांच महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश में विनिर्माण गतिविधियां सितंबर में गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सितंबर में गिरकर 57.5 पर आ गया, जो अगस्त में 58.6 पर था। सितंबर के पीएमआई आंकड़ों ने लगातार 27 महीने कुल परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा किया है। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत के विनिर्माण उद्योग ने सितंबर में नरमी के हल्के संकेत दिए, जिसका मुख्य कारण नए ऑर्डरों में कमजोर वृद्धि है, जिससे उत्पादन वृद्धि प्रभावित हुई है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, फिर भी, मांग और उत्पादन दोनों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, और फर्मों ने एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और मध्य पूर्व में ग्राहकों से नए व्यवसाय में लाभ दर्ज किया। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर, आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिति मोटे तौर पर स्थिर थी, जिससे इनपुट मूल्य मुद्रास्फीति की दर को तीन वर्षों में सबसे कम स्तर पर लाने में मदद मिली।

# आरबीआई की समीक्षा बैठक आज से, दरों में वृद्धि पर विराम बने रहने की संभावना

नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस सप्ताह होने जा रही समीक्षा बैठक को लेकर बाजार में मोटे तौर पर धारणा है कि नीतिगत ब्याज दर (रेपो) फिलहाल वर्तमान स्तर पर बनाए रखी जाएगी लेकिन केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए बाजार में अतिरिक्त नकदी के प्रवाह को कम करने के उपाय करने से नहीं झिझकेगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार चार अक्टूबर को शुरू हो रही है और रिवर्ज बैंक के गर्वन शक्तिकांत दास बैठक के निष्कर्ष और निर्णयों की छह अक्टूबर को मुंबई में घोषणा करेंगे।

खास कर पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति के अब भी ऊंचा बने रहने तथा कच्चे तेल और जिंसों के अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के चलते खास कर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का नीतिगत रुख सख्त बना हुआ है। बावजूद इसके उम्मीद है कि आरबीआई अभी ब्याज दर बढ़ाने के सिलसिले को थामे रखेगा ताकि आर्थिक वृद्धि पर नकारात्मक असर न पड़े। श्रीराम फाइनेंस लि के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवनकर ने कहा कि आरबीआई अभी कुछ समय के लिए नीतिगत ब्याज दर बढ़ाए जाने पर विराम बनाए रखेगा। उन्होंने कहा पिछली समीक्ष के बाद मानसून की सक्रियता बने रहने से बारिश का अभाव दीर्घकालिक औसत की तुलना में कुछ कम हुआ है। इसके साथ साथ जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतें भी नियंत्रण में हैं , लेकिन खरीफ की फसलों, खास कर दालों को लेकर अब भी चिंताएं हैं और इससे कीमतें बढ़ने का दबाव बन सकता है।

रेवनकर ने कहा, हमारा मानना है कि आरबीआई कर्ज के प्रवाह पर नियंत्रण जारी रखेगा और जिससे खुदरा ग्राहकों और छोटी मझोली इकाइयों (एसएमई) के लिए कर्ज की लागत बढ़ सकती है। पर हमें विश्वास है कि इन पहलों का आर्थिक विकास पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कुल मिलाकर, हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई कुछ और समय के लिए रेपो दर में बढ़ोतरी को रोक कर रखेगा।



एमपीसी ने मुद्रास्फीति का दबाव कम करने के लिए मई 2022 से फरवरी 2023 के दौरान लगातार छह बार अपनी फौरी ब्याज दर रेपो में वृद्धि की। उसके बाद इस वर्ष अप्रैल, जून तथा अगस्त की समीक्षा में नीतिगत दर को 6.50 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है।

इस समय बैंक दर 5.15 प्रतिशत , रिवर्स रेपो (जिस दर पर आरबीआई बैंकों की नकदी रखता है) 3.35 प्रतिशत तथा फौरी कर्ज की सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) के लिए ब्याज दर को 6.75 प्रतिशत है।

बैंक आफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का भी मानना है कि अभी देश में मुद्रास्फीति ऊंची है फिर भी एमपीसी अभी नीतिगत दरों के वर्तमान ढांचे को बनाए रखना चाहेगी। अगस्त 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 6.83 प्रतिशत थी , लेकिन यह जुलाई के 7.44 प्रतिशत से नीचे है। रिवर्ज बैंक के गवर्नर दास ने पिछले महीने कहा था कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बार बार के उछाल के कारण मुद्रास्फीति बढ़ने की प्रत्याशाओं के जड़ पकड़ने का खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा था कि आरबीआई स्थिति पर निगाह बनाए रखेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत के दायर में सीमित रखना चाहता है पर मौसमी प्रभाव, कच्चे तेल के अंतराष्ट्रीय बाजार में उतार चढ़ाव और यूक्रेन जैसी भू-स्थैतिक घटनाओं के चलते जिंस बाजार पर असर से कीमतों पर बदाव बना हुआ है।

विश्व बैंक के अर्थशास्त्री और इंडिया डेवलपमेंट रिपोर्ट -अक्टूबर 2023 के लेखक ध्रुव शर्मा ने कहा मंगलवार को दिल्ली में यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, भारत में मुद्रास्फीति का दबाव कुछ घटा है लेकिन कुछ दबाव अभी बना हुआ है। खाद्य मुद्रास्फीति का उछाल अस्थायी है। कोर इन्फ्लेशन (विनिर्मित वस्तुओं के मूल्य स्तर) में कमी आयी है।

उन्होंने खाद्य मुद्रास्फीति के लिए भारत सरकार और रिजर्व बैंक के प्रबंध की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने खाद्य की आपूर्ति बढ़ाने के लिए ' भारत दाल ' प्रबंध किए हैं। जमाखोरी विरोधी नियम लागू किए है। कुछ खाद्य वस्तुओं का निर्यात बंद किया है ताथा कई उत्पादों पर शुल्क में कमी की है।

उन्होंने इसी संदर्भ में आरबीआई की एमपीसी द्वारा नीतिगत दरों में वृद्धि पर विराम से पहले रेपो दर में पिछले साल मई से इस साल फरवरी के बीच लगातार कुल मिलाकर 2.50 प्रतिशत की वृद्ध कर चुका है।

ध्रुव ने कहा कि एमपीसी ने ब्याज दर बढ़ाने पर विराम लगाया है , पर वह बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त धन के प्रवाह को अवशोषित करने के उपाय कर रही है।

यह पूछे जाने पर कि अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने या तेल की कीमतों में वृद्धि का भारत में आयातित मुद्रास्फीति से संतुलन पर क्या असर पड़ेगा तो उन्होंने कहा, हमारा अध्ययन है कि कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल 10 डालर की वृद्धि से मुद्रास्फीति आधा प्रतिशत ऊंची हो जारी है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान फेडरल रिजर्व की नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव घटा है।

रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत , 2024-25 में 4.7 प्रतिशत और उससे अगले वर्ष 4.1 प्रतिशत रहेगी।

# रेलवे ने माल ढुलाई का रिकॉर्ड कायम किया, नयी समय सारणी जारी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की है। भारतीय रेलवे ने नयी यात्री समय सारणी भी जारी की है।

आज यहां जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए भारतीय रेल ने 758.20 टन माल की ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष 736.68 टन माल की ढुलाई की गई थी जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78991 करोड़ रुपये की तुलना में 81697 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2706 करोड़ रुपये अधिक है।

इस वर्ष सितंबर के दौरान, 123.53 टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है जबकि गत वर्ष इसी माह में 115.80 टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2022 में माल ढुलाई से राजस्व के रूप में 12332.70 करोड़ रुपये की आय हुई थी इसकी तुलना में सितंबर 2023 में 12956.95 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय रेल ने बीते सितंबर के दौरान कोयले में 59.70 टन, लौह अयस्क में 14.29 टन, पिग आयरन और तैयार स्टील में 5.78 टन, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) में 6.25 टन, क्लिंकर में 4.89 टन, खाद्यान्न में 4.54 टन, उर्वरक में 4.23 टन, खनिज तेल में 4.0 टन, कंटेनरों में 7.28 टन और शेष अन्य सामान में 10.10 टन की माल ढुलाई की।

भारतीय रेलवे ने कहा कि हंग्री फॉर कार्गो मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेल ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा अदायगी में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में मदद की।

इस बीच रेल मंत्रालय ने अपनी नई अखिल भारतीय रेल समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी)' जारी कर दी है और यह 01 अक्टूबर से प्रभावी हो गयी है। यह समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस' भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। नई समय सारिणी की प्रमुख विशेषताओं में वंदे भारत ट्रेनों की 64 सेवाओं और 70 अन्य ट्रेन सेवाओं को शामिल करना, अन्य गंतव्यों के लिए मौजूदा 90 सेवाओं का विस्तार, 12 सेवाओं की बारंबारता में वृद्धि, ट्रेनों की 22 सेवाओं को सुपरफास्ट श्रेणी में जल्द बदला जाना, 20501/02 अगरतला-आनंद विहार राजधानी का मार्ग बदलकर मालदा, भागलपुर के रास्ते किया जाना तथा दक्षिण पूर्व रेलवे में कुछ सेवाओं की समय-सारणी में परिवर्तन शामिल है।

नई समय सारिणी में वंदे भारत ट्रेनों की 64 सेवाओं और 70 अन्य ट्रेन सेवाओं को शामिल किया गया है, ताकि यात्रियों को आरामदायक और बेहतर यात्रा का अनुभव मिल सके। नई समय सारिणी को विभिन्न शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्रा के समय को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा पर जाने के पहले नई समय सारिणी के अनुसार प्रस्थान और आगमन के समय की जांच कर लें।

# ऑप्टिमाइज्ड इलेक्ट्रोटेक को मिली इसरो की ऑप्टिकल इमेजिंग निगरानी तकनीक

**मुंबई।** छाया-चित्र आधारित डिजिटल निगरानी समाधान प्रदान करने वाली कंपनी ऑप्टिमाइज्ड इलेक्ट्रोटेक प्रा.लि. (ओईपीएल) ने मंगलवा को कहा कि उसने अंतरिक्ष विभाग के तहत आने वाली कंपनी न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) से ऑप्टिकल इमेजिंग सिस्टम (ओआईएस) प्रौद्योगिकी प्राप्त की।

कंपनी ने कहा है कि यह प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित की है। बयान में कहा गया है कि इस समझौते को सितंबर में औपचारिक रूप दिया गया था और इंस्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार गोयनका, इंस्पेस के निदेशक राजीव ज्योति और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के निदेशक ए. अरुणाचलम के विशिष्ट मार्गदर्शन में इसे तैयार किया गया।

बयान में कहा गया है कि इसरो द्वारा विकसित ओआईएस प्रणाली दिन के प्रकाश और सूर्यास्त के बाद के समय में निगरानी की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग बतायी गयी है। यह प्रौद्योगिकी विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम के दृश्यमान और अवरक्त वर्णपथ के समीपस्थ स्पेक्ट्रम में लंबी दूरी से निगरानी की शक्ति प्रदान करती है।

यह प्रणाली गोधूलि और मध्याह्न प्रकाश की स्थिति के दौरान एकल सेंसर और एक सुसंगत सेटअप का उपयोग करके निर्बाध रूप से काम कर सकती है। यह प्रौद्योगिकी खासकर तटीय और रेगिस्तानी इलाकों में विभिन्न अनुप्रयोगों में सटीक निगरानी की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

ऑप्टिमाइज्ड इलेक्ट्रोटेक के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक संदीप शाह ने कहा, हमें इसरो के साथ इस ऐतिहासिक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते का हिस्सा होने पर बेहद गर्व है।

# होंडा कार्स ने होंडा सिटी और होंडा अमेज़ के फेस्टिव संस्करण किये पेश

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज फेस्टिव संस्करणों के तहत अपनी लोकप्रिय सेडान होंडा सिटी का 'एलिगेंट एडिशन' और मिड सेडान होंडा अमेज़ का 'एलीट एडिशन' पेश किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ये अलग-अलग संस्करण सीमित संख्या में लॉन्च की जाएगी और मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) और कॉन्टिन्यूअसली वैरिबल ट्रांसमिशन (सीवीटी), दोनों में पेश की जाएंगी। ये होंडा सिटी के वी ग्रेड और होंडा अमेज के वीएक्स ग्रेड पर आधारित है। ये संस्करण उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधाएं देने वाले प्रीमियम पैकेज में आते हैं। इन्हें सभी रंगों के विकल्पों में पेश किया गया है। कंपनी ने देश भर में अपने उपभोक्ताओं के लिए द ग्रेट होंडा फेस्ट के तहत सिटी और अमेज़ के दूसरे संस्करणों पर भी स्पेशल फेस्टिव ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की। इन फेस्टिव प्रोत्साहन के दौरान उपभोक्ता अपनी मनपसंद होंडा कार की खरीद पर सभी अधिकृत डीलरों से कई तरह के आकर्षक ऑफर 31 अक्टूबर 2023 तक हासिल कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि होंडा सिटी एलिगेंट संस्करण के एमटी की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1257400 रुपये और सीवीटी संस्करण की कीमत 1382400 रुपये है। होंडा अमेज एलीट संस्करण के एमटी मॉडल की कीमत 903900 रुपये और सीवीटी की कीमत 985900 रुपये है।

# मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने पेश किया निफ्टी 500 ईटीएफ

**मुंबई।** सम्पत्ति प्रबंधन सेवा कंपनी मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने निफ्टी 500 सूचकांक में निवेश पर आकर्षक प्रतिफल को देखते हुए निवेशकों के लिए निफ्टी 500 ईटीएफ योजना पेश करने की मंगलवार को घोषणा की।

कंपनी के अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसे छह अक्टूबर को एनएसई में सूचीबद्ध कराने की योजना है। कारोबार के लिए इस कोष का संकेत नाम एमओनिफ्टी500 है।

कंपनी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में निफ्टी 500 इंडेक्स ने 31 अगस्त, 2023 के अंत तक वार्षिक आधार पर 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

मध्यम से लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से मिड और स्मॉलकैप खंड के मजबूत प्रदर्शन की मदद से निफ्टी 50 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है। एमओनिफ्टी500 ईटीएफ निफ्टी 500 इंडेक्स के कुल रिटर्न को साधने का प्रयास है, जिसे बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों के प्रदर्शन को मापने के लिए तैयार किया गया है।

कंपनी का कहना है कि निफ्टी 50 इंडेक्स की तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स अच्छी तरह विविधीकृत है इसमें शीर्ष 10 होल्डिंग का हिस्सा 37 प्रतिशत है, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स में शीर्ष दस कंपनियों में निवेश का हिस्सा 58 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह 21 क्षेत्रों में विविध निवेश प्रदान करता है, कुछ क्षेत्रों में कपड़ा (टेक्स्टाइल्स), उपभोक्ता सेवाएँ (कन्स्यूमर सर्विसेज़), मीडिया और वन सामग्री शामिल हैं जो निफ्टी 50 इंडेक्स में मौजूद नहीं हैं।

कंपनी का कहना है कि यह इंडेक्स लार्जकैप (75 प्रतिशत), मिडकैप (16 प्रतिशत) और स्मॉलकैप (9 प्रतिशत) का एक उत्कृष्ट मिश्रण प्रदान करता है।

लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है।

मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवीन अगरवाल ने कहा, मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 इंडेक्स फंड के प्रबंधन में अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, हम अपनी नई पेशकश मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 ईटीएफ की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

यह नई पेशकश हमारे पैसिव फंडों की व्यापक श्रेणी का विस्तार करती है और निवेशकों को व्यापक-आधारित (ब्रॉड-बेईस्ड) इंडेक्स फंड और ईटीएफ के हमारे सूट में एक मूल्यवान अतिरिक्त प्रदान करती है।

कंपनी ने के पैसिव फंड्स के प्रमुख प्रतीक ओसवाल ने कहा, जोखिम को कम करने के लिए मार्केट कैप, सेक्टर और स्टॉक में विविधीकरण चाहने वाले निवेशकों के लिए यह ईटीएफ एक आदर्श विकल्प होगा।

# ऐग्रीज़ी की घरेलू एग्री-फूड प्रोसेसिंग क्षमताओं को बढ़ाने की अपील

नयी दिल्ली। कृषि-खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्रमुख कंपनी ऐग्रीज़ी ने घरेलू कृषि-खाद्य प्रसंस्करण की क्षमताओं को बढ़ाने का अनुरोध किया है।

ऐग्रीज़ी के विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से निर्यात बढ़ेगा, देश पर आयात का बोझ कम होगा और भारतीय अर्थयवस्था को मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि हम लाल मिर्ची का उदाहरण लेते हैं।

भारत में लाल मिर्ची की तरह-तरह की किस्में हैं जिनमें सन्नम, तेजा, ब्याड्गी, और कश्मीरी मिर्च शामिल हैं। लाल मिर्ची की इन किस्मों का भारत की कृषि पैदावार में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में वर्ष 2021-22 के लिए लाल मिर्ची का अनुमानित उत्पादन लगभग 18 लाख टन था और इस प्रकार से यह देश विश्व में लाल मिर्ची का सबसे बड़ा उत्पादक है। साथ ही, भारत लाल मिर्ची का प्रमुख निर्यातक भी है और इसने चीन, थाईलैंड, इंडोनेशिया, श्रीलंका तथा यूएसए जैसे देशों को लगभग 6 लाख टन लाल मिर्ची का निर्यात किया।विरोधाभास यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लाल मिर्ची उत्पादक और निर्यातक देशों में से एक होने के बावजूद भारत प्रसंस्करण क्षमताओं में पिछड़ रहा है और ढेरों आर्थिक अवसरों से चूक रहा है। चीन जैसे देश भारत से कच्ची लाल मिर्ची का आयात करते हैं, उन्हें प्रोसेस करके चिली पाउडर, फ्लेक्स और नैचुरल कलरेंट सहित विभिन्न तैयार उत्पाद बनाते हैं और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इनका निर्यात करते हैं।

विश्व में लाल मिर्ची के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में एक होने के नाते, भारत भी इन प्रोसेस्ड प्रोडक्ट्स का आयात करता है और इस प्रकार निर्भरता की जाल में फंस जाता है जिससे घरेलू आर्थिक वृद्धि में बाधा आती है। ऐग्रीज़ी का मानना है कि भारत को अपनी कच्ची पैदावार में बढ़ोतरी करते हुए एक सर्व-समावेशी वैश्विक बाज़ारस्थल का निर्माण करने के लिए लाल मिर्ची के सबसे बड़े उत्पादक, निर्यातक, और उपभोक्ता की अपनी विशिष्ट स्थिति का लाभ उठाना चाहिए। इसे एक बहुआयामी समाधान तैयार करने के लिए मजबूत घरेलू कृषि-खाद्य प्रसंस्करण क्षमताओं का विकास करके हासिल किया जा सकता है।

देश में अत्याधुनिक प्रोसेस्ड फैक्ट्रियों में निवेश करके भारत आयात पर अपनी निर्भरता काफी हद तक कम कर सकता है और इस प्रकार अपनी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकता है। इस प्रकार के नजरिये के अनेक फायदे हैं, जिनमें रोजगार का सृजन, तकनीकी प्रगति, निर्यात की ज्यादा संभावना और खेती की बेहतर वैल्यू चेन शामिल है। यह सरकार द्वारा प्रचारित आत्मनिर्भर भारत के सपने से बखूबी मेल खाती है।

# ग्रो म्यूचुअल फंड ने पेश की टोटल मार्केट इंडेक्स फंड

बैंगलोर। ग्रो म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड पेश करने की घोषणा की जो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर आधारित है। ग्रो म्यूचुअल की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कोष का बंदोबस्त कोष प्रबंधक अनुपम तिवारी देखेंगे करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह फंड 3-17 अक्टूबर निवेश के लिए खुला रहेगा और यूनिट्स के आवंटन की तारीख से या उससे पहले, पांच कामकाजी दिनों के भीतर ऑनगोइंग सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए फिर से खुलेगा। कंपनी का कहना है कि यह देश का पहला टोटल मार्केट इंडेक्स फंड होगा। निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स में लार्ज, मिड और स्मॉल कैप खंड के करीब 750 स्टॉक शामिल हैं। इनमें लार्ज-कैप स्टॉक का भारांक 72.03 प्रतिशत और मिड कैप का हिस्सा का लगभग 27.97 प्रतिशत है।

# ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में शीघ्र कोई कमी नहीं किये जाने के संकेत से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, धातु और तेल एवं गैस समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार लुढ़क गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक का गोता लगाकर 65512.10 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.55 अंक की गिरावट लेकर 19528.75 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही।

इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत बढ़कर 32,368.80 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37,789.58 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3956 कंपनियों के शेयरों में कारेबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1907 में लिवाली हुई वहीं 189 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि शेष सात तेजी पर रही।

बीएसई के 15 समूहों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 1.15, कमोडिटीज 0.20, सीडी 0.01, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.20, हेल्थकेयर 0.24, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.09, यूटिलिटीज 0.72, ऑटो 1.21, बैंकिंग 0.33, धातु 0.78, तेल एवं गैस 1.30, पावर 0.82 और टेक समूह 0.18 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 1.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.69 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 15 अंक फिसलकर 65,813.42 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,344.59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## शार्ट न्यूज

### पारुल ने 5000 मीटर में जीता स्वर्ण

हांगझोउ। भारत की पारुल चौधरी ने मंगलवार को महिलाओं के 5000 मीटर फाइनल में 15: 14.75 का समय दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वहीं मोहम्मद अफसल पुलिककलाकथ ने 1: 48.43 के समय के साथ पुरुषों की 800 मीटर में रजत पदक जीता। इसके साथ ही भारतीय एथलीटों ने अब तक 14 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। 28 वर्षीय पारुल ने इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 5000 मीटर में रजत पदक जीता था। उन्होंने जापान की रिरिका को पीछे छोड़ते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर, अंकिता 15: 33.03 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। सोमवार को महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक के बाद यह पारुल चौधरी का 19वें एशियन गेम्स में दूसरा पदक है। भारतीय एथलीटों ने हांगझोउ में मेडल टैली में अब तक 14 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। इस बीच, मोहम्मद अफसल पुलिककलाकथ ने एशियन गेम्स 2023 में 1: 48.43 के समय के साथ पुरुषों की 800 मीटर में रजत पदक जीता। भारत के कृष्णन कुमार 1: 48.80 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 27 वर्षीय मोहम्मद अफसल इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे, जहां उन्होंने 1: 48.77 का समय दर्ज किया था।

### सौराष्ट्र ने घुटने टेके,शेष भारत की बड़ी जीत

राजकोट। सौरभ कुमार (43 रन पर छह विकेट) और शम्स मुलानी (22 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन मंगलवार को सौराष्ट्र को 175 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर शेष भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 308 रन बनाये जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 214 रनो पर आउट हो गयी। 94 रन की लीड लेकर शेष भारत ने दूसरी पारी में 160 रन बनाये और सौराष्ट्र के सामने जीत के लिये 255 रन का लक्ष्य रखा लेकिन शेष भारत के गेंदबाजों ने पिच पर मिल रही स्विंग और अनियमित उछाल का भरपूर लाभ उठाया और सौराष्ट्र की पूरी टीम 34.3 ओवर के खेल में महज 79 रन स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। सौराष्ट्र के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में नाकाम रहे जिनमें से दो का तो खाता भी नहीं खुल सका। सौराष्ट्र की दोनो पारियों में दस विकेट चटकाने वाले शेष भारत के सौरभ कुमार को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### पाकिस्तान ने हांगकांग को 68 रन से हराया

हांगझोउ। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में मंगलवार को पाकिस्तान बनाम हांगकांग पुरुष क्रिकेट मुकाबले के दूसरे क्वार्टरफाइनल में हांगकांग को 68 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। हांगकांग ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और पहले ओवर में मिर्जा बेग शून्य को शुक्ला ने बाबर हयात के हाथों कैच आउट कराकर पहला झटका दिया। तीसरे ओवर में शुक्ला ने रोहेल नज़ीर 13रन को मोहम्मद खान के हाथों कैच कराकर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। चौथे ओवर में हैदर अली 4 रन के रूप में पाकिस्तान का तीसरा विकेट गिरा। उसके बाद चौथा झटका अनस खान ने क़ासिम अकरम 12 को निज़ाकत खान के हाथों कैच कराकर दिया। ख़ुशदिल शाह 13 रन को मोहम्मद गजनफर ने बाबर हयात के हाथों कैच करवाया। छठे विकेट के रूप में आसिफ़ अली 25 को भी मोहम्मद गजनफर ने हमद खान के हाथों कैच आउट कराया।

### होण्डा रेसिंग इंडिया : कवीन क्विंटल को चौथे राउंड में मिली दोहरी जीत

चेन्नई। होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर कवीन क्विंटल ने 2023 आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250 के चौथे राउण्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुये दोहरी जीत हासिल की। मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर आयोजित रेस 1 में क्विंटल ने 16.060 सेकण्ड के अंतर से जीत हासिल की जबकि मोहसीन पी दूसरे और रहीश खत्री तीसरे स्थान पर रहे वहीं अपनी बढ़त को बरक़रार रखते हुए कवीन क्विंटन ने दूसरी रेस में भी जीत हासिल की वहीं मोहसीन पी दूसरे और जोहान्न रीवेस एमेन्युएल तीसरे स्थान पर रहे। सही मायनों में होण्डा के रेसिंग डीएन को दर्शाते हुए आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप के युवा राइडरों ने एक बार फिर से रोमांच से भरपूर परफोर्मेन्स दिया। सप्ताहान्त की रेस शानदार रही, नई पीढ़ी के राइडरों ने सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स देते हुए मोटो3 रेस मशीन प्लेटफॉर्म- एनएसएफ250आर पर अपना लोहा साबित कर दिया। इस मोटरसाइकिल को खासतौर पर रेसिंग के प्रदर्शन एवं राइडरों की प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### बायें हाथ की गेंदबाजी का सामना करने में इंग्लैंड की मदद करेंगे सौरभ अंबटकर

मुंबई। विश्व कप में बाएं हाथ की तेज़ गेंदबाज़ी का सामना करने की तैयारी में मदद के लिए इंग्लैंड ने सौरभ अंबटकर को साइड आर्म थ्रोअर के रूप में नियुक्त किया है। सौरभ मुंबई और विदर्भ के लिए आयु-समूह क्रिकेट खेल चुके हैं। वह पिछले हफ़्ते गुवाहाटी में इंग्लैंड टीम के साथ थे और अब पूरे टूर्नामेंट में टीम के साथ यात्रा करेंगे। मुख्य कोचिंग स्टाफ़ पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड ने यह फैसला लिया है। विश्व कप के लिए इंग्लैंड के मुख्य कोचिंग स्टाफ़ में मुख्य कोच मैथ्यू मॉट और उनके सहायक मार्कस ट्रेस्कोथिक (बल्लेबाज़ी कोच), कार्ल हॉपकिंसन (फ़ील्डिंग कोच), रिचर्ड डाउसन (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) और डेविड सेकर (सीम गेंदबाज़ी कोच) शामिल हैं। मॉट और उनके चार सहायक अपने दाहिने हाथ से फेंकते हैं लेकिन अंबटकर बाएं हाथ से गेंद फेंकते हैं। इससे इंग्लैंड की टीम को विविधता मिलेगी। साथ ही इंग्लैंड के बल्लेबाज़ बाएं हाथ की तेज़ गेंदबाज़ी के ख़िलाफ़ बेहतर तरीक़े से ख़ुद को तैयार कर पाएंगे। अंबटकर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ-साथ यूएई के आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स के सपोर्ट स्टाफ़ का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड टीम मैनेजर वेन बेंटले के साथ काम किया है, जो केकेआर में भी यही भूमिका निभाते हैं।

### हिमाचल में विदेशी टीमों का आगमन शुरू

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट विश्व कप के लिए मंगलवार से विदेशी टीमों का आगमन शुरू हो गया है। सात अक्तूबर को होने वाले पहले मैच के लिए बंगलादेश की टीम मंगलवार अपराह्न 300 बजे विशेष विमान से गगल हवाई अड्डा पर पहुंची। इसके बाद टीम सीधे होटल रेडिसन ब्लू रवाना हुईक। बंगलादेश की टीम में शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन कुमेर दास, तनजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो (उपकप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमुदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शाक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शोरफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब रहेंगे। वहीं, अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम चार अक्टूबर को दोपहर गगल पहुंचेगी। अफगानिस्तान टीम में हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, और नवीन उल हक रहेंगे। बंगलादेश की टीम चार अक्टूबर को अभ्यास करेगी। अपनी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले विश्व के टॉप-5 में से चार स्पिनर धर्मशाला में खेलते नजर आएंगे। भारत के कुलदीप यादव, अफगानिस्तान के राशिद खान, ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा, बंगलादेश के शाकिब उल हसन और श्रीलंका के महेश दीक्षाना एक दिवसीय फारमेट में धीमी गति के टॉप-5 गेंदबाजों में शामिल हैं। इसमें श्रीलंका के महेश दीक्षाना को छोड़कर बाकी सभी स्पिनर धर्मशाला में दमखम दिखाएंगे। यह खिलाड़ी मैच में धूमती और उछाल भरी गेंदों से प्रतिद्वंदी बल्लेबाजों को परेशान करेंगे।

# अपराजित भारतीय चार बार के एशियाई चैंपियन कोरिया से भिड़ेंगे

हांगझोउ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल में अब तक की सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम बुधवार को पहले सेमीफाइनल में चार बार के चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी।

सोमवार को बांग्लादेश पर 12-0 से जीत हासिल करने के बाद भारत ने एक बार फिर पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूल ए के अपने सभी पांच मैचों में पांच जीत के साथ भारत ने 15 अंक अर्जित किए। टूर्नामेंट में उसे अभी तक हराया नहीं जा सका है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले भारत इसी तरह की स्थिति में था, लेकिन मलेशिया से 2-2 (6-7) से हार गया और स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गया।

हरमनप्रीत सिंह ने कहा टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेने को लेकर सतर्क है और कोरिया के खिलाफ टीम सकारात्मक मानसिकता के साथ खेल में उतरेगी। हमने टूर्नामेंट में जोरदार शुरुआत की है और अपने सभी पूल चरण मैच जीते हैं, जिससे हमें प्रतियोगिता के अंतिम चरण में काफी आत्मविश्वास मिला है। हम पहले सेमीफाइनल में सकारात्मक मानसिकता के साथ प्रवेश करेंगे। हम सतर्क हैं और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में लेते।

भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों की ट्रॉफी 2014 में इंचियोन में जीती थी, वहीं कोरिया ने आखिरी बार खिताबी जीत 2006 में दोहा में जीती थी। प्रतियोगिता में अब तक, भारत ने उज्बेकिस्तान को 16-0 से,सिंगापुर को 16-1,जापान को 4-2,पाकिस्तान को 10-2 और बांग्लादेश को 12-0 से हराया है।




दूसरी ओर, कोरिया ने इंडोनेशिया को 10-0 से और थाईलैंड को भी 10-0 से हराया, वहीं वर्ल्ड नंबर 12 को पूल स्टेज में वर्ल्ड नंबर 22 चीन के हाथों 2-3 से चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। कोरिया ने मलेशिया पर 4-3 से जीत और ओमान पर 16-2 से जीत के साथ वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

हरमनप्रीत ने कहा हम कोरिया की ताकत और उनकी रक्षात्मक क्षमताओं को जानते हैं।

वे एक मजबूत इकाई हैं और टूर्नामेंट में अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हम उनके ट्रैक रिकार्ड से वाकिफ हैं। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कोरिया के खिलाफ भारत की पिछली कुछ भिड़ंत इस बात का सबूत है कि दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा कितनी कड़ी रही है। इस साल अगस्त में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में, भारत को प्रतिद्वंद्वी पर 3-2 से करीबी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले साल, हीरो एशिया कप 2022 में, भारत ने कोरिया के खिलाफ 4-4 से ड्रॉ खेला था, और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 में भी दोनों पक्षों ने 2-2 से ड्रॉ खेला था।

2013 के बाद से दोनों टीमों के बीच 17 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें से भारत ने आठ मैच जीते हैं, जबकि छह मैच बराबरी पर छूटे हैं। कोरिया ने तीन मैच जीते हैं।

भारतीय कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, कोरिया परंपरागत रूप से हमारे लिए एक कठिन प्रतिद्वंद्वी रहा है। लेकिन हाल ही में उनके साथ खेलने से हमें यह अंदाजा हो गया है कि हम आगामी गेम में क्या उम्मीद कर सकते हैं। हम जानते हैं कि कोरिया रक्षात्मक रूप से बहुत मजबूत है और वे अपने जवाबी हमलों में कितने खतरनाक हो सकते हैं। इसलिए जब भी गेंद हमारे कब्जे से बाहर होगी तो हमें बचाव के लिए तैयार रहना होगा। आधुनिक हॉकी में खिलाड़ियों को पूरी लंबाई तक दौड़ने की आवश्यकता होती है। गर्म मौसम में हमारे खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर का परीक्षण कोरिया के खिलाफ किया जाएगा। खुद को अच्छी स्थिति में लाने के लिए शुरुआती लक्ष्य हासिल करना और प्रतिद्वंद्वी को सहज नहीं होने देना भी महत्वपूर्ण होगा।

भारतीय टीम बुधवार को 1330 बजे कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबल खेलेगी जिसका प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर और लाइव स्ट्रीम सोनी लिव पर किया जाएगा।

## स्क्वैश : सौरव घोषाल सेमीफाइनल में, पदक पक्का

हांगझोउ। दीपिका पल्लीकल-हरिंदर पाल सिंह संधू ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज करते हुए एशियाई खेल में भारत के खाते में पदक पक्का कर दिया है।

भारत के सौरव घोषाल ने स्क्वैश में पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि दो मिश्रित जोड़ियों ने भी क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज करते हुए भारत के लिए तीन पदक पक्के कर दिए हैं। सौरव घोषाल ने पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में जापान के त्सुकु रयुनोसुके को 3-0 (11-5, 12-10, 11-3) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ भारत के अनुभवी स्क्वैश खिलाड़ी ने हांगझोउ खेलों में पदक पक्का कर लिया है। 37 वर्षीय सौरव घोषाल ने सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में कुवैत के अम्मार अल तमीमी के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए अपने पुरुष एकल अभियान की शुरुआत की थी।

मंगलवार को राउंड ऑफ 16 में महेश मनगांवकर के हारने के बाद पुरुष एकल स्पर्धा में सौरव घोषाल एकमात्र भारतीय हैं। मिश्रित युगल में, अनुभवी दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने फिलिपिंस के जेमिका अरीबाडो और रॉबर्ट एंड्रयू गार्सिया की जोड़ी को 2-1 (7-11, 11-5, 11-4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अनाहत सिंह और अभय सिंह की अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने रिपब्लिक ऑफ कोरिया के योनसू यांग और डोंगजुन ली को 2-1 (11-4, 8-11, 11-1) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपना पदक पक्का किया। इससे पहले दिन में, अनाहत सिंह-अभय सिंह की जोड़ी ने पूल डी के मैच में हांगकांग के त्ज़ विंग टोंग और मिंग होंग तांग को 2-0 (11-10 11-8) से हराया।

## बोरगोहेन को जीत के साथ मिला ओलंपिक का कोटा

**हांगझोउ।** भारत की लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन हराकर फाइनल में प्रवेश के साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन को हराक फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, लवलीना बोरगोहेन ने अपने वर्ग के पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है।

लवलीना बोरगोहेन महिला 75 सेमीफाइनल में थाईलैंड की मुक्केबाज के खिलाफ शुरुआत से ही हावी रहीं और पहले राउंड में सभी जजों ने लवलीना के पक्ष में फैसला सुनाया।




वहीं, दूसरे और आखिरी क्वार्टर में लवलीना बोरगोहेन ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने पंचों का बखूबी इस्तेमाल किया। इस तरह भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई।

उल्लेखनीय है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो कि उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है।

एशियन गेम्स 2023 में मुक्केबाजी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर स्पर्धा भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा। महिलाओं की कैटेगरी में, 66 किग्रा और 75 किग्रा के अलावा सभी कैटेगरी के लिए चार कोटा शामिल हैं। 66 किग्रा और 75 किग्रा में पुरुषों की तरह दो बर्थ दी जाएंगी।

वहीं, निकहत जरीन, प्रीति पवार और परवीन हुड्डा ने अगले साल होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए पहले ही अपना कोटा हासिल कर लिया है।

भारत की प्रीति पवार को महिला 54 किग्रा सेमीफाइनल में चीन की युआन चांग के खिलाफ 5-0 से हार मिली और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

भारतीय मुक्केबाज और चीनी मुक्केबाज के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला और दोनों मुक्केबाज एक दूसरे पर हावी रहीं, लेकिन भारत की प्रीति पवार थोड़ा रक्षात्मक नज़र आईं।

इस तरह से अंत में प्रीति पवार को 2018 एशियन खेल की चैंपियन चीन की चांग युआन के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से हार मिली।

# बांग्लादेश में डेंगू से हजार लोगों की मौत

### 2 लाख से ज्यादा संक्रमित; इलाज के लिए अस्पताल में नहीं मिल रहे बेड

बांग्लादेश में पिछले 9 महीने में डेंगू के कारण 1,017 लोगों की मौत हो चुकी है। अलजजीरा के मुताबिक, मौत का आंकड़ा पिछले साल के तुलना में 4 गुणा ज्यादा है। साल 2000 में के बाद इस साल बांग्लादेश में डेंगू से सबसे ज्यादा लोगों की जान गई है। वहीं, अब तक कुल 2 लाख 9 हजार लोग इसके चपेट में आए है। मरने वालों में 112 बच्चे ऐसे हैं जिनकी उम्र 15 साल के नीचे है।



बांग्लादेश के अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए मिलना भी मुश्किल हो गया है। ढाका के शहीद सुहरावर्दी हॉस्पिटल के डॉक्टर मोहम्मद रफीकुल इस्लाम ने कहा- अस्पताल में भर्ती होने वाले ज्यादातर मरीज डेंगू से दूसरी, तीसरे और चौथी बार संक्रमित हो रहे हैं। इसी कारण इनकी हालात ज्यादा गंभीर हो गई है। कई मरने की कगार पर होते हैं। बहुत से लोग हमारे पास तब आते हैं जब बीमारी को काफी समय हो चुका होता है। इसका इलाज करना और भी मुश्किल हो जाता है।

#### 1960 से डेंगू से परेशान है बांग्लादेश

बांग्लादेश में साल 1960 से डेंगू के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। साल 2000 में बांग्लादेश में इसे महामारी के तौर पर दर्ज किया गया था। डेंगू का वायरस अब बांग्लादेशियों के लिए आम वायरस हो चुका है। हर साल यह वायरस और भी घातक होता है। अधिकारियों के मुताबिक, मामलों में बढ़ोतरी ने सरकार को जागरूकता अभियान को तेज करने के लिए प्रेरित किया है। इसमें बारिश के बाद मच्छरों के लार्वा को मारने कि जागरूकता भी की जाती है।

हालांकि, जहांगीर नगर यूनिवर्सिटी के कीट विज्ञानी और जू लॉजी के प्रोफेसर कबीरुल बशर ने कहा- सही और अच्छी प्लानिंग की कमी के चलते डेंगू फैलाने वाले मच्छर को पूरे बांग्लादेश में फैलने का मौका मिला है। साल 2000 से 2018 तक डेंगू केवल ढाका तक ही सीमित था। लेकिन 2019 से डेंगू के मरीज दूसरे शहरों से भी सामने आ रहे है। ग्रामीण इलाकों में भी डेंगू फैलाने वाले मच्छर पहुंच गए हैं।

#### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा- क्लाइमेट चेंज के कारण होती है बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि डेंगू और अन्य मच्छर द्वारा निर्मित वायरस से होने वाली बाकी बीमारियां, जैसे चिकनगुनिया, पीला बुखार और जीका वायरस क्लाइमेट चेंज की वजह से और तेजी से फैल रही हैं। इन बीमारियों को ठीक करने के लिए कोई ठोस मेडिसिन नहीं है। बीमारी फैलाने वाला मच्छर रुके हुए पानी में पनपता है, जो साउथ एशिया में जून-से-सितंबर के दौरान ज्यादा दिखाई देते हैं। डेंगू की वजह से तेज बुखार, सिरदर्द,उल्टी, मांसपेशियों में दर्द और सबसे गंभीर मामलों में ब्लीडिंग होता है जिससे मृत्यु हो सकती है।

## 41 कनाडाई डिप्लोमैट्स को देश छोड़ने को कहा

भारत ने कनाडा से उनके 41 डिप्लोमैट्स को वापस बुलाने को कहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर जारी तनाव के बीच ये फैसला लिया गया है। इन डिप्लोमैट्स को भारत छोड़ने के लिए 10 अक्टूबर की डेडलाइन दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, डेडलाइन के बाद इन 41 में से जो डिप्लोमैट भारत में रह जाएंगे, उनको मिलने वाली छूट और दूसरे फायदे (डिप्लोमैटिक इम्यूनिटी) बंद कर दिए जाएंगे। कनाडा के भारत में करीब 62 डिप्लोमैट्स काम करते हैं। 10 अक्टूबर के बाद देश में केवल 21 कनाडाई डिप्लोमैट्स ही बचेंगे। डेडलाइन से पहले अगर कनाडा के डिप्लोमैट्स वापस नहीं लौटे तो उनकी इम्यूनिटी खत्म कर दी जाएगा। ऐसे में सबसे पहले जानिए कि डिप्लोमैटिक इम्यूनिटी क्या होती है?




वियना कन्वेंशन में डिप्लोमैटिक रिलेशन्स और विदेश में डिप्लोमैट्स को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया है। इसके तहत डिप्लोमैट्स पर कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता और न ही उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

हालांकि, अगर कोई डिप्लोमैट होस्ट देश के कानून के मुताबिक कोई अपराध करता है तो उसे उसके देश वापस भेजा जाएगा, जहां पर आगे की कार्रवाई होगी। इसके अलावा डिप्लोमैट्स की घर की तलाशी भी नहीं ली जा सकती है। उन्हें किसी भी केस में गवाह नहीं बनाया जा सकता है।

#### विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों के डिप्लोमैट्स बराबर करने को कहा था

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हमने कनाडा से साफ कह दिया है कि डिप्लोमैट्स की संख्या दोनों देशों में बराबर होनी चाहिए। ये वियना कन्वेंशन के तहत जरूरी है। कनाडा के पीएम टूड्रो ने 18 सितंबर को भारत सरकार पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था।

## चीन ने तूफान कोइनू के लिए येलो अलर्ट किया जारी

बीजिंग। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार सुबह शक्तिशाली तूफान कोइनु के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस साल के 14वें तूफान के कारण देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में आंधी आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम केन्द्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे 20.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 125.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर आए तूफान के 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। केन्द्र के अनुसार शक्तिशाली तूफान के कारण चीन में ताइवान द्वीप के दक्षिणी भाग के तटीय क्षेत्रों में भूस्खलन के आसार हैं और बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक इस तूफान की तीव्रता धीरे-धीरे कम होते हुए पश्चिम की ओर बढ़ने अनुमान हैं।

## तीन वैज्ञानिकों को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम। भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल समिति ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नोबेल समिति ने एक्स पर कहा,रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने वाले प्रयोगात्मक तरीकों के लिए पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रूज और ऐनी एल हुइलियर को भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है।'पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने के प्रायोगिक तरीकों' के लिए यह पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली राशि इस साल बढ़ाकर 1.1 करोड़ स्वीडिश क्राउन (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से प्रदान किया जाता है। यह इस सप्ताह यह दूसरा नोबेल पुरस्कार घोषित किया गया है। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए कोविड-19 टीकों के विकास में योगदान के लिए देने की घोषणा सोमवार को की गई थी।

## पाकिस्तान में लगातार टीकाकरण से पोलियो के मामलों में गिरावट : काकर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि उनके देश में जोरदार प्रयासों और निरंतर टीकाकरण अभियान के बीच पोलियो के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। काकर ने राष्ट्रीय कार्य की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पाकिस्तान में 2022 में 20 मामलों की तुलना में 2023 में पोलियो वायरस के दो मामले सामने आए, जिसका मुख्य कारण राष्ट्रीय स्तर पर पोलियो विरोधी अभियान जारी रखना और साथ ही पोलियो उन्मूलन के लिए सोमवार उच्च टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान देश से इस गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन तक प्रयास जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक विशेष पोलियो विरोधी अभियान की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने समाज के हर वर्ग से पोलियो उन्मूलन में भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और विद्वानों सहित सभी को भाग लेने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, विनियम और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने सोमवार को दक्षिण एशियाई देश में 4.3 करोड़ से अधिक बच्चों तक पहुंचने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू किया।

## रूस का लूना-25 मिशन संभवत: दोषपूर्ण वेग माप के कारण दुर्घटनाग्रस्त

मास्को। रूसी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने मंगलवार को कहा कि आशंका है कि देश के लूना-25 चंद्रमा लैंडर मिशन के दुर्घटनाग्रस्त होने का सबसे बड़ी वजह कोणीय वेग माप इकाई का गलत संचालन है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा,लूना-25 दुर्घटना का सबसे संभावित कारण ऑन-बोर्ड नियंत्रण परिसर की असामान्य कार्यप्रणाली थी, जो संभावित प्रविष्टि के कारण बीआईयूएस-एल डिवाइस (कोणीय वेग माप इकाई) में एक्सेलेरोमीटर इकाई को चालू करने में विफलता से जुड़ा था। डिवाइस द्वारा उनके निष्पादन के लिए अलग-अलग प्राथमिकताओं वाले कमांड को एक डेटा सरणी में रखा जाएगा। बयान के अनुसार, ऐसे डेटा सेट में कमांड का वितरण यादृच्छिक या दूसरे शब्दों में संभाव्य है। बयान में कहा गया,इसकी वजह से, ऑन-बोर्ड कंट्रोल कॉम्प्लेक्स को बीआईयूएस-एल डिवाइस के एक्सेलेरोमीटर से शून्य सिग्नल प्राप्त हुए। इससे सुधारात्मक आवेग जारी करते समय, आवश्यक गति तक पहुंचने के क्षण की पहचान करने और अंतरिक्ष यान को समय पर बंद करने की अनुमति नहीं मिली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### वृद्धाश्रम पहुंच असहायों बुजुर्गों को फल-फूल एवं भोजन खिलाई : शेरावाली शुक्ला

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



गौरा चौराहा (बलरामपुर)। शेरावाली शुक्ला उत्तर प्रदेश बीजेपी कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा ने समय माता के मंदिर में पूजन अर्चन किए जगत के कल्याण की प्रार्थना करने वाले ऐसे बुजुर्ग माता पिता का आर्शीवाद लेने के लिये वृद्धाआश्रम जाकर उनके बीच उनके सुख दु:ख को बाटा और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया फिर वही पर भोजन बनवाकर उन्हें ग्रहण कराया और खुद भी उन्ही के साथ बैठकर स्वयं प्रसाद के रूप में पाया, वस्त्र एवं फल-फूल आदि वितरित कर हालचाल लिया। उन्होंने वृद्धजनों को हर संभव मदद देने का भी भरोसा दिया।

### प्लास्टिक के खतरे से निपटने के लिए भारत में एकजुट प्रयास की जरूरत : संजय कुमार

नयी दिल्ली। नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) के महानिदेशक और पुनर्चक्रण आधारित अर्थव्यवस्था मिशन के प्रमुख संजय कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत में प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों के संयुक्त प्रयास की जरूरत है। कुमार मंगलवार को यहां गैर सरकारी संगठन भारत सोका गक्कई (बीएसजी) के प्लास्टिक को न कहें अभियान के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, प्लास्टिक के खतरे से निपटने के लिए व्यक्तियों, उद्योगों और सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग कम करना, पुनर्चक्रण और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण कदम हैं। बीएसजी ने 'प्लास्टिक को न कहें' पहल के अंतर्गत प्लास्टिक कचरा चुनने का अभियान- बीएसजी 25-टन प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य स्थायी मानव व्यवहार और पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करके प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना है। इस अभियान के तहत 3-9 अक्टूबर तक, दिल्ली-एनसीआर में बीएसजी सदस्य तय स्थानों पर प्लास्टिक कचरा जमा करके सक्रिय रूप से योगदान देंगे। रीसाइक्लिंग वैन इन केंद्रों से एकत्रित प्लास्टिक कचरे को एकत्र करेंगे और इसे उचित रीसाइक्लिंग के लिए भेजेंगे।

### बंगाल के मनरेगा घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग की भाजपा ने

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए केन्द्र सरकार से आज मांग की कि राज्य सरकार के इस बड़े घोटाले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच करायी जाये और दोषियों को जेल में डाला जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता एवं सदन में नेता प्रतिपक्ष शुभेन्दु अधिकारी ने यहां भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह कृषि भवन में केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति से मिल कर उन्हें मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड मामले में सभी साक्ष्य एवं शिकायती पत्र सौंपने जा रहे हैं और उन्होंने मांग की कि केन्द्र सरकार को इस घोटाले की सीबीआई से जांच कराने के आदेश जारी करने चाहिए। अधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती के दिन राजधानी दिल्ली में राजघाट पर ड्रामा करने वाली तृणमूल कांग्रेस के हाथ भ्रष्टाचार से रंगे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार एवं तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली तृणमूल कांग्रेस अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है। इस पार्टी ने राज्य के गरीबों, शोषितों एवं वंचितों का कोई ध्यान नहीं रखा और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी गरीब एवं किसान हितैषी योजनाओं को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने दिया।

### दुश्मन की ताकत और प्रौद्योगिकी का मुकाबला करने को तैयार है भारत : वायु सेना प्रमुख

नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य गठजोड़ का भारत को अच्छी तरह से पता है और वह प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत का मुकाबला प्रशिक्षण और रण कौशल के बल पर मजबूती से करने को पूरी तरह तैयार है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने 91 वें वायु सेना स्थापना दिवस 8 अक्टूबर से पहले मंगलवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर तथा अनिश्चित भू राजनैतिक स्थिति को देखते हुए मजबूत तथा विश्वसनीय सेना समय की जरूरत है। वायु सेना प्रमुख ने पाकिस्तान और चीन के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि भारत को जानकारी है कि उनके बीच प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हो रहा है। पाकिस्तान में जे एफ- 17 लड़ाकू विमान बनाया जा रहा है और वह जे-10 विमान भी ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी नजर इस बात पर है और हम प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत और अधिक संख्या का मुकाबला अपने प्रशिक्षण तथा रणकौशल से करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम सीमा पर अत्यंत कड़ी नजर रख रहे हैं। हम खुफिया जानकारी, निगरानी तथा टोही अभियानों के माध्यम से सीमा पर और सीमा पार बनायी जा रही ढांचागत सुविधाओं, क्षमता निर्माण तथा संसाधनों पर पैनी नजर रखते हैं।

### मान ने चमकौर साहिब से धान खरीद कार्य की औपचारिक शुरुआत की

चमकौर साहिब। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को चमकौर साहिब से राज्य में धान खरीद कार्य की औपचारिक शुरुआत की और खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग को अक्टूबर से शुरू होने वाले मौजूदा खरीफ विपणन सीजन के दौरान सुचारू और परेशानी मुक्त खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मान ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि वह किसानों का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध हैं और राज्य के इतिहास में पहली बार पहले ही दिन से उठान शुरू हो गया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने दोहराया कि पूरी प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के साथ खरीद, उठान और भुगतान एक ही दिन किया जाएगा। उन्होंने एक बटन दबाकर नयी डिजिटल भुगतान पहल की भी शुरुआत की और एक किसान को धान का भुगतान हस्तांतरित किया। उन्होंने किसानों से पूसा-44 और धान की अन्य संबंधित किस्मों की खेती बंद करने का आग्रह करते हुए कहा कि इन किस्मों की खेती बंद की जानी चाहिए और राज्य सरकार ने पहले ही अगले सीजन से इन किस्मों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की अधिक खपत करने वाली इन किस्मों की कटाई में अधिकतम समय लगता है और ये शानदार तरीके से पराली पैदा करती हैं। मान ने कहा कि ट्रकों में जीपीएस जैसी अल्ट्राटेक तकनीक के इस्तेमाल से लिफ्टिंग की समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मानदंडों में ढील के बाद 654 नए राइस शैलरों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ मुआवजे का वितरण शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई के लिए राज्य सरकार के पास राज्य आपदा कोष में पर्याप्त धनराशि है। उन्होंने खरीद कार्यों के लिए नोडल एजेंसी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग को धान की सुचारू, त्वरित और निर्बाध खरीद और भंडारण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# पीएम के लिए इस वक्त बस चुनाव जीतना ज़रूरी है ?

**-श्रवण गर्ग**

प्रधानमंत्री के लिए राज्यों के विधानसभा चुनाव किसी भी क़ीमत पर जीतना ज़रूरी हो गया लगता है। मोदी हाल ही में राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल चित्तौड़गढ़ गए थे। वहाँ एक सभा में उन्होंने (बिना नाम लिए) 110 किलोमीटर दूर स्थित उदयपुर के दर्ज़ी कन्हैयालाल के साथ हुई नृशंस घटना का ज़िक्र तो किया पर सिर्फ़ साठ किलोमीटर दूर बसे नीमच में भंवरलाल के साथ क्या हुआ था उसकी चर्चा करना भूल गए ! मोदी ने आम सभा में कहा: 'जो लोग कपड़े सिलवाने आते हैं और बिना किसी डर या ख़ौफ़ के दर्ज़ी का गला काट देते हैं ज.ज्इस मामले में भी कांग्रेस को वोट बैंक नज़र आता है !' पढ़िए संबंधित घटनाओं के बाद लिखे गए मेरे आलेख के संपादित अंश :

भंवरलाल और कन्हैयालाल दो अलग-अलग इंसान नहीं थे। दोनों एक जैसे ही हाड़-मांस के जीव थे। दोनों के दिल एक जैसे धड़कते थे। उनके रहने के ठिकाने भी एक दूसरे से ज़्यादा दूर नहीं थे। दोनों को ही मार डाला गया। सिर्फ़ दोनों को मारने वाले और उनके तरीक़े अलग थे। राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल को जिस बर्बरता से मारा गया उसने हमारी आत्माओं को हिला दिया। हम कन्हैयालालको मारे जाने से ज़्यादा विचलित और भयभीत हैं।

हमने अपने को टटोलकर नहीं देखा कि भंवरलाल को जब मध्यप्रदेश के नीमच शहर में मारा गया तब हमारी प्रतिक्रिया उतनी तीव्र और उत्तेजनापूर्ण क्यों नहीं थी ? यह भी हो सकता है कि हम भंवरलाल की हत्या को अब तक भूल ही गए हों !

( कन्हैयालाल दर्ज़ी की दो आतंकवादियों द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। कन्हैयालाल ने कथित तौर पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के विवादास्पद कथन के प्रति समर्थन व्यक्त किया था । बुजुर्ग भंवरलाल की पीट-पीटकर हत्या तो सिर्फ़ इसलिए कर दी गई थी कि पीटने वाले ने उसे अल्पसंख्यक समुदाय का समझ लिया था। दोनों ही घटनाएँ पिछले साल मई-जून की हैं।)

नागरिकों की दहशत भरी याददाश्त में या तो व्यक्तियों को मारे जाने का तरीक़ा होता है या हमलावर और मृतक की धार्मिक पहचान या फिर दोनों ही। हम कई बार तय ही नहीं कर पाते हैं कि अमानवीय और नृशंस तरीक़ों से अंजाम दी जाने वाली मौतों के बीच किस एक को लेकर कम या ज़्यादा भयभीत होना चाहिए। नागरिक भी ऐसे अवसरों पर हुकूमतों की तरह ही बहुरूपिये बन जाते हैं।

कारणों को पता करने की कभी कोशिश नहीं की गई कि भंवरलाल की मौत ने व्यवस्था और नागरिकों को अंदर से उतना क्यों नहीं झकझोरा जितना उदयपुर को लेकर महसूस किया या करवाया जा रहा है ! भंवरलाल को घर से बाहर निकलते वक्त रत्ती भर भी अन्दाज़ नहीं रहा होगा कि वह कभी मारा भी जा सकता है। हरेक आदमी भंवरलाल की तरह ही रोज़ घर से बाहर निकलता है। इसके विपरीत, कन्हैयालाल को अपनी सिलाई की दुकान पर काम करते हुए भय या आशंका बनी रहती थी कि उसके साथ कुछ अप्रिय घट सकता है।

भाजपा की निलम्बित प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी से कन्हैयालाल का सम्बंध जाने-अनजाने या असावधानी से जुड़ गया होगा !

उसने अपने को असुरक्षित महसूस करते हुए पुलिस से सुरक्षा की माँग भी की थी। भंवरलाल तो पूरी तरह से बेफ़िक्र था। न तो उसका संबंध किसी आपत्तिजनक टिप्पणी से था और न ही उसने किसी तरह की सुरक्षा की माँग की थी।

वह फिर भी मारा गया ! आश्चर्यजनकयह है कि दोनों ही हत्याओं के वीडियो बनाकर जारी किए गए।

हुकूमतों के कथित पक्षपात के विपरीत हमारी आत्माएँ भंवरलाल और कन्हैयालाल दोनों के साथ बराबरी से जुड़ी हैं। हम दोनों हत्याओं की नृशंसता के बीच सामान्य नागरिक की हैसियत से कोई फ़र्क़ नहीं करना चाहते हैं । हम अनुमान लगा सकते हैं कि भंवरलाल और कन्हैयालाल एक जैसे नेक इंसान रहे होंगे। दोनों को ही दो अलग-अलग जगहों पर एक जैसी नज़र आने वाली परिस्थितियों का शिकार होना पड़ा। कन्हैयालाल के चले जाने का दु:ख मनाते हुए भंवरलाल को इसलिए विस्मृत नहीं होने देना चाहिए कि अगर चीजें नहीं बदली गईं तो सड़क पर चलने वाला कोई भी व्यक्ति उसी तरह की मौत को प्राप्त हो सकता है और फिर हत्यारे के द्वारा जारी किए जाने वाले वीडियो से ही उसकी शिनाख़्त हो पाएगी।

कन्हैयालाल, भंवरलाल या इन दोनों के पहले हुई मौतों के लिए असली ज़िम्मेदार किसे माना जाना चाहिए ? क्या उन तमाम धार्मिक नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, आदि को बरी कर दिया जाना चाहिए जो धार्मिक उन्माद और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के ज़रिए सत्ता की राजनीति करना चाहते हैं ?

धार्मिक नगरी हरिद्वार में दो साल पहले हुई साधु-संतों की 'धर्म संसद' में अत्यंत उत्तेजना के साथ हिंदू बहुसंख्यक समुदाय का आह्वानकिया गया था कि उसे अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ शस्त्र उठाना होगा। हरिद्वार की इस विवादास्पद 'धर्म संसद' के बाद एक बड़ी संख्या मेंबुद्धिजीवियों, न्यायविदों, सेवानिवृत अफ़सरों, पूर्व सैन्य अधिकारियों, आदि ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री से अपील की थी कि वेअपनी चुप्पी तोड़ें। यह आशंका भी ज़ाहिर की गई थी कि देश को गृह-युद्ध की आग में धकेला जा रहा है।

न तो प्रधानमंत्री, आरएसएसके किसी नेता, अथवा सत्तारूढ़ दल के मंत्री-मुख्यमंत्री ने ही हरिद्वार और उसके बाद अन्य स्थानों पर उगले गए धार्मिक ज़हर की निंदा की।

# मेवाड़ में 'धर्म, सनातन, भारत, हिन्दू-एक चतुर्भुजी विमर्श' विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित

## स्वयं को पहचानो और नये भारत का निर्माण करो : राहुल

गाजियाबाद। वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव ने कहा कि नये भारत का निर्माण हमारे हाथ में है। ऐसे में अपनी भूमिका में बहुत सावधानी की आवश्यकता है। इसलिए स्वयं को पहचानो। प्रभाष परम्परा न्यास और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने ये विचार व्यक्त किये। वह 'धर्म, सनातन, भारत, हिन्दू-एक चतुर्भुजी विमर्श' विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने वेदों, पुराणों, उपनिषदों और प्राचीन ग्रंथों का हवाला देते हुए अपनी बात को प्रमाणित किया और विषय की गहन व्याख्या की। उन्होंने अपने



विषय पर बोलते हुए पहले श्रोताओं को गहरे सागर में उतारा फिर विचारों की लहरों पर झुलाते हुए सारांश के धरातलीय किनारे पर लेकर आये। उन्होंने विषय के सारांश में कहा कि हम मुस्लिम, ग्रीक, वंशावलियों, मिशनरी, प्राच्यवादी, मार्क्सवादी और कथित राष्ट्रवादी इतिहास में न घिरे रहें। हम इससे बाहर निकलें। किसी एक पर श्रद्धा या आस्था न रखें। विवेक के साथ भारत को देखें। इसी से हमें आत्मबोध और भारतबोध मिलेगा। हमें स्वयं को जानना है। शास्त्र, तत्व और दर्शन हमारे औजार हैं, जो हमें विचार और दृष्टि देते हैं। बताते हैं कि मैं क्या हूं। यही आत्मबोध हमारी पहचान है।

भारतबोध और सनातन बोध कैसा है, इसे पहचानने की कोशिश करें। खुले दिल-दिमाग से स्वयं चलना सीखें। सनातन शाश्वत है, जो हमेशा रहेगा। इसे मिटाना मूर्खतापूर्ण है। ओछी राजनीति है। यह धर्म का अपरिवर्तनशील अंश है।

वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री राम बहादुर राय ने विचार संगोष्ठी की अध्यक्षता की। उन्होंने भी तय विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। राहुल देव को मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप जोशी समेत मेवाड़ परिवार के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने किया।

# डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति की मुर्मु से भेंट

नयी दिल्ली। भारत यात्रा पर आयी डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति रक़ेल पेना रोड्रिग्ज ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने रोड्रिग्ज की पहली भारत यात्रा पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि इस यात्रा का समय बहुत उपयुक्त है क्योंकि भारत और डोमिनिकन गणराज्य अपने राजनयिक संबंधों की 25 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मधुर और मैत्रीपूर्ण हैं, जो लोकतंत्र के साझा मूल्यों की मजबूत नींव तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों के व्यापक मेल-मिलाप पर आधारित हैं। मुर्मु ने कहा कि डोमिनिकन गणराज्य लैटिन अमेरिका में भारत का 8वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। उन्हें विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार में और विविधता लाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल उत्पादों, समुद्री विज्ञान, मौसम विज्ञान, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे और डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में एक साथ काम करने और हमारे अनुभव तथा विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की गुंजाइश है। राष्ट्रपति ने कहा कि क्षमता निर्माण भारत-डोमिनिकन गणराज्य के बीच सहयोग के प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि हाल ही में भारत ने साइबर सुरक्षा और रिमोट सेंसिंग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में डोमिनिकन गणराज्य के अधिकारियों के लिए दो विशेष आईटीईसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं।

# चीनी फंडिंग के आरोपों से घिरी वेबसाइटों की जांच हो : एनयूजेआई

नयी दिल्ली। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) 6एनयूजेआई8 ने चीनी फंडिंग के आरोपों से घिरी एक वेबसाइट और उससे जुड़े लोगों पर छापे को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध एनयूजेआई का मानना है कि चीनी फंडिंग के सहारे देश में चीनी दुष्प्रचार को बढ़ावा देना एक गंभीर मामला है। पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है। संगठन ने मांग की है कि दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां सभी तथ्यों का पूरी सच्चाई के साथ खुलासा करें।

उल्लेखनीय है कि है पांच अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा किया था कि न्यूजक्लिक को एक अमेरिकी अरबपति नोवेल रॉय सिंघम ने फंड दिया है। सिंघम भारत समेत कई देशों में चीनी एजेंडा फैलाता है। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से बताया गया है कि तीन साल में 38.05 करोड़ रुपए के फेक विदेशी फंड लिया गया है। यह धन गौतम नवलखा और तीस्ता सीतलवाड़ के सहयोगियों और कुछ पत्रकारों को दिया गया।

न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के आधार पर 17 अगस्त को न्यूजक्लिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के लिए हिरासत लिए गए लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए) (धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के साथ-साथ यूएपीए की कई धाराएं (13, 16, 17, 18 और 22) भी लगाई गईं। धारा 16- आंतकी मामलों से जुड़ी, धारा 17- आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग जुटाना, धारा 18- षड्यंत्र की सजा, धारा 22 सी- कंपनियों द्वारा किए गए अपराध की सजा है। इससे पहले एक पत्रकार को चीन के लिए जासूसी करने के आरोप सजा भी हुई है।

# यशस्विनी क्रास कंट्री यात्रा शुरू

**नयी दिल्ली।** नारी सशक्तिकरण की मुहिम के अंतर्गत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहयोग से सोमवार को 'यशस्विनी' के साथ क्रॉस-कंट्री बाइक अभियान शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत सीआरपीएफ की कुल 150 महिला अधिकारियों-यशस्विनी के साथ क्रास-कंट्री यात्रा का आरंभ किया जो 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए लगभग 10,000 किमी की दूरी तय करेगी। सीआरपीएफ की कुल 150 महिला अधिकारियों ने तीन दलों में विभाजित होकर क्रॉस-कंट्री अभियान की यात्रा आरंभ की। ये दल 75 रॉयल एनफील्ड मोटरबाइकों पर सवार होकर देश के उत्तर में श्रीनगर, पूर्व में शिलांग और दक्षिण में कन्याकुमारी से अपनी यात्रा शुरू की। ये दल 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर-केवड़िया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर अपनी यात्रा का समापन करेंगे।

# सपा नेता दिनेश यादव के साथ एक हजार कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने थामा हाथ

## दिनेश ने कहा, समाजवाद नहीं रह गया है समाजवादी पार्टी में

**लखनऊ।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और सपा नेता दिनेश यादव लगभग एक हजार दूसरे युवा पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। सभी को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करायी। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय पर विभिन्न जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे थे।

दिनेश यादव प्रसपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और शिवपाल यादव के बहुत खास हैं। सदस्यता ग्रहण समारोह में दिनेश यादव ने कहा कि हम सभी समाजवाद की विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। समाजवादी पार्टी में समाजवाद समाप्त हो गया है। वहां सिर्फ परिवारवाद है। यही कारण है कि हम ऐसी पार्टी ज्वाइंन



कर रहे हैं, जहां का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी वोटिंग से चुना जाता है। असली समाजवाद कांग्रेस में हैं।

दिनेश यादव ने कहा कि जो व्यक्ति अपने परिवार में भी बेमानी करता है। जो व्यक्ति अपने भगवान तुल्य पिता को नहीं छोड़ा, जो व्यक्ति अपने चाचा के साथ छल किया। वह प्रदेश की जनता के साथ कैसे न्याय कर सकता है।

इन्हीं बातों पर विचार कर और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय राय के विचारो से प्रभावित होकर कांग्रेस में आने का फैसला किया। इसको आजीवन निर्वहन करूंगा। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी भी चलती रही।

दिनेश यादव के साथ ही प्रमुख रूप से विवेक सिंह तनहा, इंजिनियर शैलेंद्र कुमार ध्रुव, शमसेर अली, अमृतेश श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, ब्रजेश यादव आदि नेता शामिल हुए।

# महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर सदर विधायक व सीएमओ ने अर्पित की सुमनाञ्जलि

## बेटियों के हक में अन्तस्तल से समर्पित है सोनभद्र : भूपेश चौबे





**सोनभद्र ।** सदर विधायक भूपेश चौबे व मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी मे स्थित वन स्टाप सेन्टर पर महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुएइनके व्यक्तित्व व कृतित्व प'रोशनी डाली। जीवन के आदर्श , मानवता के उच्चविचार और समष्टि हित के लिए इनके त्याग , तप और बलिदान पर विशद व्याख्यान दिए। जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में ग्यारह नवजात बालिकाओं की माताओं को बेटी बचाओ - बेटी पढाओ योजनान्तर्गत बेबी किट और टावेल का वितरण किया गया। सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में जिला प्रोवेशन कार्यालय द्वारा जनपद स्तर पर बच्चों व महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु उत्कृष्ट कार्य किये जाने और इस उद्देश्य से संचालित अन्य योजनाओं के तन्मयता के साथ कर्मनिष्ठा से क्रियान्वित किये जाने की सराहना की। साथ ही विधायक ने यह भी आश्वासन दिया गया की यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती है तो हम सबके द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। ओमप्रकाश त्रिपाठी ने संबोधन में कहा कि हम सभी को इन दोनों स्वनामधन्य महापुरुषों के दिखाए रास्ते का सदैव अनुसरण करना होगा।

जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने शांतिदूत , सत्य के पुजारी महात्मा गांधी और त्याग – तपोबल के पुरोधा उदारचेता लालबहादुर शास्त्री के जीवनवृत्त के आलोक में आख्यान देने के पश्चात अतिथियों का आभार ज्ञापित करते कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा किया गया। मौकेपर महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय, सदस्य अमित सिंह चन्देल, रंजना चौबे, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी, शीला सिंह , पूर्व सदस्य बाल कल्याण समिति उमेश पाठक, महिला शक्ति केन्द्र से महिला कल्याण अधिकारी नीतू यति सिंह, जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय तथा ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे के साथ ही आकड़ा विश्लेषक विपिन कुमार कनौजिया, वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह, उमा चतुर्वेदी, तनु सिंह, आकांक्षा एवं नर्स स्टाफ़ के लोग समुपस्थित रहे।

# अधजली महिला के शव की घटना का खुलासा, आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



**गोण्डा।** बीते शनिवार को थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम जगन्नाथपुर स्थित पंपापुर जंगल के पास एक अधजली महिला का शव प्राप्त हुआ था। खोड़ारे पुलिस टीम डॉग स्क्वायड एवं फॉरेसिंक टीम के साथ घटना स्थल की जांच की गयी थी। शव की शिनाख्त मीना देवी के नाम पर हुई थी। मृतका की पुत्री ज्योति पुत्री हरिप्रसाद नि0 सेसुई इटवा सिद्धार्थनगर की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा आरोपी अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे को निर्देश दिये गए थे। थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा सुरागरसी कर घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त भगवानदीन को मंगलवार को चन्द्रदीप घाट पुल के पास से गिरफ्तार कर किया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ की अभियुक्त झाड़-फूंक का काम करता था। झांड़-फूंक के बहाने अक्सर अभियुक्त मृतका के घर आया जाया करता था। फरवरी 2023 में मृतका अभियुक्त भगवानदीन के साथ अपना घर छोड़कर चली आयी थी और उसी के साथ रहती थी। अभियुक्त भगवानदीन मृतका से गलत काम करवाना चाहता था महिला के मना करने से भगवानदीन छुब्ध हो गया था और इसी बात के चलते भगवानदीन द्वारा सुनियोजित तरीके से महिला को पंपापुर जंगल के पास ले जाकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी तथा शव की शिनाख्त न हो इस कारण महिला को जला दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।